दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 7 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 237 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ विस चुनाव : पहले चरण के 20 सीटों के लिए मतदान आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के लिए 20 सीटों पर आज यानी मंगलवार 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इनमें बस्तर संभाग की 12 और राजनांदगांव की 8 सीटों पर होगा। मतदान करने के लिए मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी 12 दस्तावेजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोलिंग बूथ पर ये दस्तावेज भी मान्य होंगे। इन्हें दिखाकर वोटर इन दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेगा। पहले चरण

के लिए 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिनमें 198 पुरुष और 25 महिला शामिल हैं। सोमवार को दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों को रवाना किया गया। इनमें कई मतदान दलों को

विधानसभावार प्रत्याशियों की संख्या

अंतागढ़	13	बीजापुर	08
भानुप्रतापपुर	14	कोंटा	08
कांकेर	09	खैरागढ़	11
केशकाल	10	डोंगरगढ़	10
कोंडागांव	08	राजनांदगांव	29
नारायणपुर	09	डोंगरगांव	12
बस्तर	08	खुज्जी	10
जगदलपुर	11	मोहला-मानपुर	09
चित्रकोट	07	कवर्धा	16
दंतेवाड़ा	07	पंडरिया	14

हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। पहले चरण की 20 विधानसभा में से अधिकतर सीटें नक्सल प्रभावित हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

ये कैसी अतिथि देवो भवः की भावना है। अपने घर बुलाकर कोई ऐसे पटक-पटक कर धोता है भला? विश्वकप में दूसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका को भी भारतीय क्रिकेट टीम ने इतनी बुरी तरह हराया मानों वह किसी गली-मोहल्ले की टीम हो। टीम कोई भी हो, पिच कैसी भी हो, टास कोई भी जीते, पहले गेंदबाजी करनी हो या बल्लेबाजी, टीम इंडिया को कोई फर्क नहीं पड़ता। उसके लिए जीत चुटकी बजानें जैसा आसान हो गया है। लगता है अन्य टीमें अब सेमीफाइनल और फाइनल खेलने से इंकार कर विश्वकप भारत को थमा कर लौट जाएगी।

नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो पीठासीन अधिकारी और एक जवान जख्मी

कांकेर/ रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर में वोटिंग से ठीक एक दिन पहले 2 जगहों पर नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर सर्चिंग से लौट रहे जवानों को निशाना बनाने की कोशिश की। कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना इलाके के रेंगावाही गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। आईईडी ब्लास्ट, दो पीठासीन अधिकारी घायल, एक जवान भी जख्मी।

जिसमें दो जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दूसरी घटना बीजापुर में हुई है। वहीं, नारायणपुर जिले के पास भी ऐसी ही ख़बरें आ रही हैं। हालांकि अब तक कितने विस्फोट हुए हैं और नक्सलियों

के ढ्श्वष्ठ ब्लास्ट में कितने घायल हुए हैं इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की गई है।

जानकारी के मुताबिक कांकेर के थाना छोटे बेटियां से बीएसएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी पोलिंग के 4 टीम को लेकर कैम्प मरबेड़ा से रेंगाघाटी रेंगागोंदी मतदान केंद्र जा रही थी। इसी दौरान रेंगागोंदी के पास लगभग शाम चार बजे बजे प्रेशर आईईडी ब्लास्ट हो गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज छग आएंगी प्रियंका गांधी चुनावी सभा को करेंगी संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार प्रदेश के दौरे पर हैं। अब दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार करने दिग्गजों का दौरा हो रहा है। आज 7 नवंबर को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी धमतरी और बालोद जिले के दौरे पर रहेंगी। प्रियंका गांधी बालोद में कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा और गुंडरदेही से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। इसके साथ ही प्रियंका धमतरी जिले के कुरूद में कांग्रेस प्रत्याशी तारिणी चंद्राकर के समर्थन में आम सभा लेंगी। प्रियंका दोपहर लगभग 12 बजे रायपुर पहुंचेंगी और सीधे बालोद के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

हीरालाल सामरिया के तौर पर भारत को मिला पहला दलित मुख्य सूचना आयुक्त

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को हीरालाल सामरिया को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रमुख के रूप में शपथ दिलाई. राजस्थान के हीरालाल सामरिया देश के पहले दलित मुख्य सूचना आयुक्त बन गए हैं. सीआईसी प्रमुख का पद वाईके सिन्हा का कार्यकाल 3 अक्टूबर को समाप्त होने के बाद से खाली पड़ा था। सामरिया की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर को केंद्र और राज्य सरकारों से पद भरने के लिए कदम उठाने को कहा था. सीआईसी और राज्य सूचना आयोगों (एसआईसी) में रिक्तियों को गंभीरता से लेते हुए, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सभी राज्यों से जानकारी एकत्र करने के लिए भी कहा था। देश के पहले दलित सीआईसी हीरालाल सामरिया का जन्म राजस्थान के भरतपुर जिले के एक सुदूर और छोटे से गांव पहाड़ी में हुआ था. वह 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. हीरालाल सामरिया फिलहाल सूचना आयुक्त के तौर पर सेवाएं दे रहे थे. वह श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

शिवराज की केजरीवाल को सीख, झूठ के शीश महल से बाहर निकलें दिल्ली के सीएम

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीख दी है कि श्री केजरीवाल झूठ के अपने शीश महल से बाहर निकलें और आंखे खोलकर सच्चाई देखें। श्री चौहान ने ये बात 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के संदर्भ में कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कल देर रात पोस्ट किया, 'अरविंद जी, झूठ के अपने शीश महल से बाहर निकलिए और आँखें खोलकर देखिए! जब 'आप' का अस्तित्व भी नहीं था, तबसे मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन करवा रही है। भाजपा की हमारी सरकार ने 2012 में 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' प्रारंभ की थी और अब तो हम हवाई जहाज से भी यात्राएं करा रहे हैं।' दरअसल ये पूरा मामला हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहन लाल खट्टर की एक एक्स पोस्ट से जुड़ा है। श्री खट्टर ने कल एक्स पर पोस्ट किया कि अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, अमृतसर, पटना साहिब आदि तीर्थ स्थानों के लिए हरियाणा सरकार रेलवे यात्रा मुफ्त करवाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसके लिए 60 वर्ष से ऊपर की आयु के लोगों के लिए 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' बनाई है, निश्चित रूप से जनता को योजना का लाभ उठाना चाहिए। श्री खट्टर की इस पोस्ट को कोट करते हुए श्री केजरीवाल ने एक्स पर दावा किया, 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पूरे देश में अभी तक केवल दिल्ली में चल रही थी। पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने चलाई। इस योजना के तहत हम दिल्ली के 75,000 से ज़्यादा बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं। हमें ख़ुशी है कि बीजेपी हमारी सरकार से सीखकर काम करने की कोशिश कर रही है। खट्टर साहिब, अगर इसके कार्यान्वन में कोई तकलीफ़ आये तो पूछ लीजिएगा, हरियाणा वासियों की मदद करने में हमें बड़ी ख़ुशी होगी।' श्री चौहान ने श्री केजरीवाल की इसी पोस्ट को कोट करते हुए उन्हें बताया कि ये योजना मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार की शुरु की हुई है।

पुल से रेलवे ट्रैक पर गिरी यात्री बस, 4 की मौत

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान के दौसा में रविवार देर रात एक यात्री बस पुल से रेलवे ट्रैक पर गिर गई, जिससे दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए वहीं रेलमार्ग भी बाधित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर मंडल के बांदीकुई-जयपुर रेलखंड के भांकरी-दौसा रेलखंड के मध्य दौसा कलेक्ट्रेट के पास ओवरब्रिज पर देर रात लगभग ढाई बजे बस अनियंत्रित होकर पुल की रैलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। हादसे में चार लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को जयपुर रैफर किया गया। हादसे के कारण जयपुर -दिल्ली रेल मार्ग बाधित हुआ। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इससे रेलमार्ग का अप एवं डाउन ट्रैक बाधित हुए। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर जयपुर से दुर्घटना राहत गाड़ी रवाना की गई। रेल प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटे । रोड क्रेन की मदद से प्रातः 04.45 बजे यात्री बस को हटाया तथा रेलवे ट्रैक को क्लियर किया। उन्होंने बताया कि सुबह 05.05 बजे रेलवे ट्रैक को रेल संचालन के खोल दिया गया। उन्होंने बताया इस कारण गाड़ी संख्या 12957 , अहमदाबाद-नई दिल्ली रेलसेवा एवं गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती रेल सेवा प्रभावित हुई।

दिल्ली में कम हुआ तापमान, 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान मौसम के औसत तापमान से कम 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में सापेक्ष आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 98 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में हवा की गुणवत्ता गंभीर और अति गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 437 रहा। शादीपुर, आईटीओ, सिरी फोर्ट, आर के पुरम, पंजाबी बाग, दिल्ली विश्वविद्यालय केंद्रों पर एक्यूआई क्रमशः 438, 400, 430, 462, 469 और 454 दर्ज किया गया। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब , 401 से 450 के बीच गंभीर तथा 450 के बाद अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

ट्रक और कार की जोरदार भिडंत में पांच की मौत

मोगा(वार्ता)। पंजाब के मोगा में सोमवार तड़के गांव कड़ाहेवाला के पास धान की बोरियों से भरे ट्रक से हुंडई कार की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को मोगा सिविल अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत थे और अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। थाना फतेहगढ़ पजंतुर के प्रभारी इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह मौके पर पहुंचकर आगामी कार्रवाई करने में जुट ग हैं। पुलिस अधिकारी का कहना है की घटना तड़के करीब दो और तीन बजे के बीच हुई है। उल्लेखनीय है कि रविवार को भी मोगा में अजितवाल कस्बे के निकट सड़क हादसा हुआ था जिसमें फाजिल्का के गांव फौजा से लुधियाना के बद्दोवाल में जा रही दूल्हे की कार सड़क पर पराली से भरे खड़े ट्राला से जा टकराई। हादसे में दूल्हा सुखबिंदर सिंह सहित चार लोगों की मौत हो गई थी।

दिल्ली में फिर से ऑड-ईवन का दौर शुरू

पॉल्यूशन के बीच 13 से 20 नवंबर तक सख्त नियम लागू

नयी दिल्ली(ए.)। राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर ऑड-ईवन लागू करने का फैसला किया है. यह ऑड -ईवन 13 से 20 नवंबर तक लागू रहेगा. सरकार के फैसले के मुताबिक, दिल्ली में BS 3 पेट्रोल और BS4 डीजल कार पर बैन जारी रहेगा और किसी भी तरह का निर्माण नहीं होगा. इसके अलावा दिल्ली में अब 6वी, 7वी, 8वी, 9वी, और 11वी की फिजिकल क्लास 10 नवंबर तक बंद रहेंगी। किस दिन कौन सी गाड़ियां चलेंगी? दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए कहा, ''वायु प्रदूषण को देखते हुए ऑड-ईवन वाहन प्रणाली 13 से 20 नवंबर तक एक सप्ताह के लिए लागू रहेगी. उस एक सप्ताह के ऑड-ईवन की समीक्षा करके, उस समय जो प्रदूषण की स्थिति होगी उसकी समीक्षा करके आगे का निर्णय लिया जाएगा।' ऑड-ईवन के दौरान ऑड वाले दिन 1, 3, 5, 7 और 9 नंबर वाली गाड़ियां (जिनके लास्ट में ये नंबर हैं) वहीं चलेंगी. ईवन वाले दिन जिन गाड़ियों के नंबर के लास्ट में 0, 2, 4, 6 और 8 नंबर हैं वो गाड़ियां चलेंगी।

लगातार बढ़ रहा है दिल्ली में प्रदूषण

आपको बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों प्रदूषण की वजह से हालात बेहद खराब हैं. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 6 नवंबर को 400 के पार दर्ज किया गया है। वहीं, आरके पुरम इलाके में AQI 466, आईटीओ में AQI 402, प्रतापगढ़ में 471 और मोती बाग में AQI 488 रिकॉर्ड किया गया है. बता दें कि शून्य से 50 के बीच AQI अच्छा, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच AQI 'गंभीर' माना जाता है।

समीक्षा के बाद बढ़ाया जा सकता है फैसला

परिवहन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इसके लिए संबंधित विभाग जिसमें ट्रांसपोर्ट विभाग और दिल्ली पुलिस भी शामिल हैं, उनकी बैठक कल यानि 7 नवंबर को आयोजित की जाएगी.गोपाल राय ने कहा कि समीक्षा करने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा कि इसे आगे बढ़ाया जाए या नहीं।

दिल्ली में 80 हजार कर्मचारियों को मिलेगा 7-7 हजार रुपए बोनस

नयी दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली सरकार ने दीपावली के मौक़े पर अपने 80 हजार कर्मचारियों को सात-सात हजार रुपए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार सभी ग्रुप बी नॉन गजेटेड और ग्रुप सी के कर्मचारियों को दिवाली पर सात-सात हजार रुपए बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे त्यौहारों पर उनके घरों में खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा दिल्ली सरकार में काम करने वाले सभी कर्मचारी हमारे परिवार हैं और आज मैं उनके लिए एक खुशखबरी लेकर आया हूं। दिल्ली सरकार ने पिछले आठ साल में दिल्ली में शिक्षा-स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक सर्विसेज समेत अन्य क्षेत्रों में जितने शानदार काम किए हैं, उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे दिल्ली सरकार के कर्मचारियों ने निभाई है। इन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और काम की बदौलत हम दिल्ली को दिल्ली के लोगों के सपनों का शहर बनाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा इस समय दिल्ली सरकार में करीब 80 हजार ग्रुप बी नॉन गजेटेड और ग्रुप सी कर्मचारी हैं। इन सभी कर्मचारियों को बोनस देने में 56 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा।

14 कांग्रेस पार्षद भाजपा में शामिल

अलवर(ए)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अलवर लोकसभा क्षेत्र के तिजारा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान के विरोध में भिवाड़ी नगर परिषद के सभापति और उपसभापति सहित 14 कांग्रेसी पार्षद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इन पार्षदों ने तिजारा से भाजपा के उम्मीदवार महंत बालक नाथ को अपना समर्थन दिया है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भिवाड़ी नगर परिषद के सभापति शीशराम तंवर ने कांग्रेस पर तिजारा का टिकट बेचने का आरोप लगाया। तंवर ने आरोप लगाया कि इमरान खान ने कांग्रेस के टिकट के लिए बायोडाटा तक नहीं दिया और उन्हें टिकट दे दी गई। इस कारण टिकट वितरण से असंतुष्ट होकर वे भाजपा में शामिल हुए है। तिजारा विधानसभा सीट से वर्तमान में संदीप यादव विधायक हैं जो पहले भाजपा में थे और वर्ष 2018 में टिकट नहीं मिलने पर बहुजन समाज पार्टी का टिकट पर चुनाव जीता था । उन्हें भी इस बार बहुत तिजारा विधानसभा से टिकट नहीं मिला। हालांकि उन्होंने तिजारा से टिकट की दावेदारी नहीं की थी वह किशनगढ़ बास विधानसभा से कांग्रेस की टिकट मांग रहे थे। वही धर्म स्थलों पर टिप्पणी करने के मामले में भाजपा ने कदम उठाते हुए भिवाड़ी नगर परिषद के पूर्व सभापति संदीप दायमा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

दायता ने तिजारा में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जनसभा में गुरुद्वारों को लेकर बयान दिया था। हालांकि उसके बाद श्री दायमा ने बयान पर माफी मांगते हुए गुरुद्वारे में सेवा की लेकिन पंजाब के नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह सहित कई नेताओं ने इस मामले को गंभीरता से लिया। इस बयान के बाद सिख समाज में आक्रोश था । भाजपा के प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने श्री दायमा को भाजपा से निष्कासन कर दिया।

कांग्रेस की सरकार घोटाले की सरकार: नड्डा

पत्थलगांव(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हर जगह कांग्रेस की सरकार घोटाले की सरकार बन गयी है, जबकि भाजपा विकास की सरकार है। श्री नड्डा यहां हाईस्कूल मैदान में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासियों के लिए तमाम योजनाओ में बजट बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जशपुर जिले को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 200 करोड़ दिऐ हैं।

गहलोत ने विधानसभा चुनाव के लिए सरदारपुरा से भरा अपना नामांकन

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जोधपुर के सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र भरा। श्री गहलोत ने नामांकन पत्र भरने से पहले अपनी बहन विमला से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि जिस प्रकार पिछले पांच सालों में उनकी कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की जनता के लिए विभिन्न ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करके काम किया हैं और इससे इस बार प्रदेश में सत्ता विरोध लहर भी नहीं बन पाई हैं। कि ऐसे में उन्हें पूरी उम्मीद हैं इस बार प्रदेश में कांग्रेस रिपीट करेगी। गहलोत ने जनता को माई-बाप बताते हुए बोले प्रदेश में सभी वर्गो के लिए योजना लाई गई और उन्हें लागू किया गया। इन योजनाओं की प्रदेश ही नहीं देश में चर्चा एवं सराहना हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस गारंटियां लागू की गई हैं और सात की और घोषणा की गई हैं, उन्हें उम्मीद हैं कि जनता इन्हें पसंद करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय जांच ब्यूरो आदि संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है उसका जनता जवाब देगी और आने वाले चुनावों के बाद विधानसभा और संसद में यह मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

ओमडुरमन में बमबारी से बीस से अधिक की मौत

खार्तूम(वार्ता)। सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच बमबारी के कारण 20 से अधिक नागरिक मारे गए है। सूडान के आपातकालीन वकील, एक गैर-सरकारी समूह, ने रविवार को एक बयान में कहा 'दोनों पक्षों के बीच झड़पों में वृद्धि और दोनों ओर से अंधाधुंध गोलाबारी के कारण, ओमडुरमैन के पड़ोसी अल-थवरा के जिले (15) में कई गोले गिरे, जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए।' समूह ने एसएएफ और आरएसएफ दोनों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। समूह ने दोनों पक्षों से युद्ध रोकने और संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

जम्मू में आर्मी कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड की मिली सिर कटी लाश

नई दिल्ली(वार्ता)। हाल के समय में भारत के कई दुश्मनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब खबर आयी है कि साल 2018 में जम्मू में आर्मी कैंप पर हमले का मास्टरमाइंड पीओके में उसके घर में मृत पाया गया है। मृतक की पहचान ख्वाजा शाहिद के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ख्वाजा शाहिद की सिर कटी लाश मिली है। कुछ दिन पहले ख्वाजा शाहिद को अगवा किया गया था। मृत पाया गया आतंकी लश्कर ए तैयबा का कमांडर था और साल 2018 में जम्मू के सुंजवान स्थित सेना के कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। इस हमले में आतंकियों ने एके-47 राइफल्स, ग्रेनेड के साथ आर्मी कैंप पर हमला किया था, जिसमें सेना के छह जवान शहीद हो गए थे। ख्वाजा शाहिद उर्फ मियां मुजाहिद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नीलम घाटी का निवासी था। ख्वाजा शाहिद को हाल ही में अज्ञात बंदूकधारियों ने अगवा किया था, जिसके बाद से ख्वाजा शाहिद का कुछ पता नहीं चल रहा था। पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ख्वाजा शाहिद का पता लगाने की कोशिशों में जुटीं थी कि अब उसकी लाश मिली है। चुन-चुनकर मारे जा रहे देश के दुश्मन देश के दुश्मनों को विदेशों में चुन-चुनकर मारा जा रहा है। हाल के समय में कई आतंकियों को अज्ञात लोगों ने विदेशी जमीन पर निशाना बनाया है। इनमें भारत में मोस्ट वांटेड शाहिद लतीफ, कैसर फारूख, जैश ए मोहम्मद आतंकी जहूर इब्राहिम उर्फ जाहिद अखुंद समेत कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर और पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह संधू की हत्याएं हुई हैं। सभी मामलों में हमलावरों का पता नहीं चल सका है। बीते 20 महीनों में भारत विरोधी 18 आतंकी अलग-अलग वजहों से मारे गए हैं। बीते महीने ही जैश ए मोहम्मद के करीबी सहयोगी दाउद मलिक की उत्तरी वजीरिस्तान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

राजधानी और वंदे भारत एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी

पटना(ए.)। बिहार के बक्सर के पास नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना से लोग अभी उबरे ही नहीं हैं कि शताब्दी और वन्दे भारत उड़ाने की धमकी भरे पत्र ने रेलवे को परेशान कर दिया है। पुलिस ने हालांकि पत्र भेजने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल , पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल के स्टेशन प्रबंधक को साधारण डाक से एक पत्र मिला, जिसने धमकी दी गई कि थी डेढ़ करोड़ रुपए दो नहीं तो नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की तरह राजधानी, शताब्दी और वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उड़ा देंगे।

पत्र में यह भी कहा गया था कि पत्र की अनदेखी करने पर पहले ही नार्थ-ईस्ट का हाल देख चुके हैं। स्टेशन प्रबंधक ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इस दौरान स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई और पुलिस जांच में जुट गई है। पत्र में लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर जब पुलिस तहकीकात में जुटी तब यह नंबर पटना के रामकृष्णानगर के रहने वाले कमलदेव सिंह का निकला। पुलिस तत्काल उनके आवास पर पहुंच गई। कमलदेव से पूछताछ में पता चला कि उसने चिट्ठी नहीं लिखी थी। इसके बाद राइटिंग की जांच से पता चला कि सही में उसने नहीं लिखा था।

पूछताछ के दौरान कमलदेव ने बताया कि यह काम बहादुरपुर निवासी कामता प्रसाद का है। वह पटना सिटी के एक स्कूल में पढ़ाता है। उन्हें जेल भेजवाने के लिए कामता प्रसाद ने यह साजिश रची है। इसके बाद पुलिस कामता प्रसाद के घर पहुंची। जांच के दौरान मिले सबूत के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कामता पेशे से शिक्षक बताए जाते हैं।

स्त्री की इच्छा से लेकर बच्चों की शिक्षा तक, मप्र में कांग्रेस की गारंटी : प्रियंका

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में आज चुनाव प्रचार करने आ रहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने राज्य प्रवास के पूर्व कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस स्त्री की इच्छा से लेकर बच्चों की शिक्षा तक, सब कुछ की गारंटी दे रही है। श्रीमती वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, मध्यप्रदेश में कांग्रेस की गारंटी महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए, किसानों का कर्ज माफ 100 यूनिट बिजली माफ 200 यूनिट हाफ पुरानी पेंशन लागू, 500 रूपए में गैस सिलेंडर, 2 लाख खाली सरकारी पद भरेंगे, स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, युवाओं को 3000 रुपए का बेरोजगारी भत्ता, 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, 25 लाख रु. तक का बीमा, ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण और जाति जनगणना की है। उन्होंने कहा कि स्त्री की इच्छा से बच्चों की शिक्षा तक, गांव, किसान, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सब कुछ की कांग्रेस की गारंटी है।

दिल्ली-एनसीआर में फिर लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली-एनसीआर में देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. दिल्ली के साथ यूपी-बिहार में भी भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है. जानकारी के मुताबिक देर रात 11.32 बजे भूकंप के झटके लगे. भूकंप का केंद्र नेपाल था. दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने घर के बाहर निकल आए. गनीमत है कि फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. करीब एक मिनट तक भूकंप के झटके महसूस किए गए. बता दें कि इससे पहले 22 अक्टूबर को दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. इसकी तीव्रता 6.1 थी। धरती हिलने के बाद लखनऊ में लोग घरों से बाहर निकल आए. लोगों ने बताया कि वह सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक से पंखा हिलने लगा, तभी वह बाहर की ओर भागे। लोगों ने अपने रिश्तेदारों को फोन कर उनकी कुशलक्षेम जानी. अक्सर ऐसा होता है कि भूकंप के बाद आफ्टर शॉक भी आता है, ऐसे में लोग लंबे समय तक अपने घर के बाहर खड़े रहे.। पिछले महीने की 22 अक्टूबर को आए भूकंप का केंद्र भी नेपाल ही था. नेपाल में भूकंप के 4 झटके लगे थे। सुबह 7:39 मिनट पर भूकम्प का पहला झटका लगा। जिसकी तीव्रता रेक्टर स्केल पर 6.1 मापी गई है. इसके बाद भूकंप का दूसरा झटका 4.2 तीव्रता का 8:08 मिनट आया. भूकम्प का तीसरा झटका सुबह 8:28 मिनट पर महसूस किया गया, तीव्रता 4.3 रही. इसके बाद 8:59 मिनट पर चौथी बार भूकंप का झटका महसूस किया गया था।

रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता के हिसाब से क्या हो सकता है असर:

- 0 से 1.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही पता चलता है।
- 2 से 2.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर हल्का कंपन होता है।
- 3 से 3.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर कोई ट्रक आपके नजदीक से गुजर जाए, ऐसा असर होता है.
- 4 से 4.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर खिड़कियां टूट सकती हैं. दीवारों पर टंगे फ्रेम गिर सकते हैं।
- 5 से 5.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर फर्नीचर हिल सकता है।
- 6 से 6.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर इमारतों की नींव दरक सकती है. ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

क्यों आता है भूकंप?

भूकंप आने के पीछे ये होती है मुख्य वजह धरती के अंदर 7 प्लेट्स ऐसी होती हैं जो लगातार घूम रही हैं. ये प्लेट्स जिन जगहों पर ज्यादा टकराती हैं, उसे फॉल्ट लाइन जोन कहा जाता है. बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं. जब प्रेशर ज्यादा बनने लगता है कि तो प्लेट्स टूटने लगती हैं. इनके टूटने के कारण अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है।

पीएफआई को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को करारा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को पीएफआई द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत एक 'गैरकानूनी' संगठन के रूप में अपने पदनाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि संगठन को पहले संबंधित उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। पीएफआई की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान भी इस पर अपनी सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने इस साल मार्च में पारित यूएपीए ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन की अपील पर सुनवाई कर रही थी।

17 नवंबर तक ऐसी कहानियां आती रहेंगी सुनते रहिये, एन्जॉय कीजिए : भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव एप में को लेकर एक वीडियो जारी किया गया था। इस वीडियो में शुभम सोनी नामक युवक खुद को एप का मालिक बता रहा था और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कई नेताओं को लेकर उसके बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है सीएम भूपेश ने कहा मैं पहले ही कह चुका हूं कि भाजपा अपने हार के कारण ईडी को सामने करती है। ईडी प्रमुख भूमिका निभा रही है और उसमें जिस व्यक्ति का मैसेज आया वह पकड़ा गया।

पकड़ा गया तो पता चला भाजपा के करीबी है, जो गाड़ी है जो भाजपा नेता के हैं, बिलासपुर के हैं कोरबा के हैं। भाजपा का विंग है ईडी, दूसरी बात अभी तक सौरभ चंद्राकर और रवि को मुख्य खिलाड़ी मान रहे थे नया आदमी आया है जिसका पहला मेल आता है फिर मैसेज आता है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा 17 तारीख तक कुछ ना कुछ आता रहेगा जब तक मतदान न हो जाए, इन्वेस्टिगेशन करो अरेस्ट करो किसने मना किया है। आरोप लगाना है तो मैं भी आरोप लगा देता हूं- बीजेपी और ईडी मिलकर महादेव ऐप को बचा रहे है, मेरा आरोप है। पहले ही भी कहा है प्रधानमंत्री अमित शाह का क्या संबंध है, कार्यवाही नहीं कर रहे।

2 साल से चल रही है जांच

सीएम भूपेश ने कहा 2 साल से इसकी जांच चल रही है ,महादेव एप्प को बंद किया जाए की मनसा बंद करने की नहीं है। मिलकर सट्टा खिलाता है ,इन पर कार्रवाई करना चाहिए और पूरे देश में सभी ग्रुप को प्रबंध करना चाहिए बंद करवाना चाहिए यह टेलीग्राम चैनल से भी संचालित होता है जो अभी भी चल रहा है जब तक ऑनलाइन बैटिंग बंद नहीं होगा कुछ भी नहीं होने वाला है।

लाखों खाते में हो रहे बड़े लेन देन

ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले पूरे देश भर में लाखों खाते हैं जिसमें बड़ी लेनदेन होता है। केंद्र सरकार को चाहिए सभी खातों की पहचान कर बंद करें तभी ऑनलाइन सट्टा पर नियंत्रण पाया जा सकता है, हमने तीन चार हजार फर्जी अकाउंट बंद कराया। बीजेपी को अपने आका के लिए छत्तीसगढ़ का खदान चाहिए इसलिए लगे हैं, षड्यंत्रकारी पिछले समय 15 सीट में सिमटे थे। इस समय तो उससे भी कम में सिमटे जाएंगे।

हमने लगातार की कार्यवाही

हम साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार कर चुके हैं लैपटॉप जब्त कर चुके हैं। लुक आउट सर्कुलर भी जारी करें हैं। निर्वाचन आयोग बताना चाहिए क्या मीटिंग हुई थी ईडी की आईटी के साथ। अभी तक संज्ञान क्यों नहीं ली इतनी बड़ी बात जब सारी मीडिया में आ चुके तो निर्वाचन आयोग को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए। किसी की छवि खराब करने का प्रयास हुआ है उसमें कार्रवाई होनी चाहिए। निर्वाचन का नियमावली है खुलेआम उल्लंघन हो रहा है निर्वाचन आयोग को देखना चाहिए।

सिद्धार्थ नाथ बोले- मोदी ने एप पर बैन लगाया सीएम बघेल ने अनुशंसा केंद्र से क्यों नहीं की

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा ङ्क भूपेश जी अब स्पष्ट हो गया है कि आपके पास अधिकार होने के बाद भी आप क्यों महादेव एप्प बंद करने के अनुशंसा नहीं कर रहे थे। जैसा महादेव एप्प संचालकों ने बताया यह सारा गोरखधंधा मुख्यमंत्री जी आपके संरक्षण में चल रहा था।

लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने ईडी के अनुरोध पर युवाओं के भविष्य को देखते हुए महादेव एप्प पर बैन

लगाया। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ को लुटने वाली कांग्रेस समझ ले कि अब उनकी चला चली की बेला है।

भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय मीडिया संयोजक एवं प्रयागराज विधायक सिध्दार्थनाथ सिंह ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन मेंकहा, भाजपा की सरकार आते ही सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



संपादकीय

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवता के लिए खतरा

ब्रिटेन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर नियंत्रण विहीन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से दुनिया के लिए भारी खतरा उत्पन्न होने की शंका जताई गई है। इससे लोगों की गोपनीयता तो खत्म होगी और इंसानी जीवन पर खतरा मंडराने लगेगा। सबसे खास बॉत यह कि आज बेरोजगारी की समस्या से दुनिया जुझ रही है। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेरोजगारी बढाने के साथ सुरक्षा, राजनैतिक, शैक्षिक एवं संवेदनशील मुद्दों पर अनावश्यक हस्तक्षेप करेगा। वैसे तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। इसके ज़रिये कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिसके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक जॉन मैकार्थी के अनुसार यह बुद्धिमान मशीनों, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम को बनाने का विज्ञान और अभियांत्रिकी है अर्थात यह मशीनों द्वारा प्रदर्शित किया गया इंटेलिजेंस है। ब्रिटेन में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े जोखिमों और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में उनसे निपटने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए 100 से ज्यादा विश्व नेता, तकनीकी दिग्गज, शिक्षाविद और शोधकर्ता ने एआई से उपजने वाले सम्भावित वाले खतरों से निपटने की योजना पर एक राय दी है। तय यह हुआ है कि सरकारें एआई तकनीक कायदे कानून के अनुसार विकसित करें। इस बॉत पर भी चिन्ता जताई गई कि अगर निजी कंपनियों में एआई के विकास को लेकर खुली प्रतिस्पर्धा छिड़ी तो यह मानवता के लिए नुकसान देह साबित होगा। वैसे भी वैश्विक बोस बनने की सनक में कई राष्ट्र दूसरे राष्ट्रो के जानी दूश्मन बनते जा रहे है।

हाल की एक रिपोर्ट में यूके सरकार ने एआई के कुछ चिंताजनक संभावित खतरों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें जैव-आतंकवाद, साइबर हमले और बाल यौन शोषण की डीपफेक इमेज शामिल हैं। इतना ही नही एआई में कई नौकरियों को एक साथ करने की क्षमता है जो आज के समय में मानव द्वारा की जाती हैं। इससे बड़े पैमाने पर नौकरी खत्म हो सकती है और बेरोजगारी बढ़ सकती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो दिमाग वाले काम पर बहुत अधिक निर्भर हैं। एआई केवल उतना ही निष्पक्ष हो सकता हैं जितना कि उसके डेटा को प्रशिक्षित किया जाता है. यदि डेटा में निष्पक्षता का पैटर्न हैं तभी एआई भी पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण होगा। यह समस्या राजनीतिक, शैक्षिक एंव सवेंदनशील मुद्दो पर बहुत ज्यादा असर डालती है क्योकिं ऐसे भेदभाव से भरे बयान दंगो का कारर्ण बन सकते हैं। एआई सिस्टम साइबर हमलों और हैकिंग के प्रति सेंसेटिव हैं. यदि एआई सिस्टम में छेड़छाड़ की जाती है, तो इससे बहुत सा डेटा लीक हो सकता है, जिससे आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। एआई सिस्टम के हल जटिल और समझने में कठिन हो सकते हैं. जिससे आपको इसमें मौजूद कमियां या सिस्टम से हुई गलती की पहचान करना मुश्किल हो जाता है , इसलिए यह कभी दृ कभी किमती समय खराब करता है। एआई-संचालित हथियार मानव जीवन को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा सकते है, जिसका हाल ही अभी एक केस यूस.एस एयर फोर्स का भी आया जिसमें एआई ने अपने ही ऑपरेटर को मौत के घाट उतार दिया। इसलिए यह तय करना बहुत जरूरी है कि एआई का उपयोग ऐसे हथियार बनाने के लिए किया जाना चाहिए जो मानव को नुकसान न पहुंचा पायें। हालांकि आपको यह तय करना जरूरी है कि एआई के जोखिमों को कम करने और फायदों को अधिक करने पर ध्यान देने के साथ एक जिम्मेदार और नैतिक तरीके से विकसित और प्रयोग किया जाए। इसके लिए सरकारों, कारोबारियों और जनता के बीच सहयोग की आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई का उपयोग इस तरह से किया जाए जिससे पूरे समाज को लाभ हो।

हवा में जहर, सांसों में घुटन

योगेश मिश्रा

सर्दी का मौसम शुरू होने लगा है। लम्बी तकलीफदेह गर्मियों के बाद पुरसुकून वाली ठंडी हवाओं के हल्के शुरुआती झोंके महसूस होने लगे हैं लेकिन सिर्फ जिस्म को ही। तपिश से राहत तो है लेकिन दम घुटता जा रहा है। फेफड़े भारी बोझ तले लगते हैं, आंखों की जलन आंसुओं से भी दूर नहीं होती। हवा ठंडी है लेकिन फ़िज़ा दमघोंटू है। ये हाल है राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का। डेढ़ अरब नागरिकों के खेवनहार लालकिले वाली जिस आलीशान दिल्ली में बैठे हैं, वहीं की हवा जहरीली है। कोई पहली बार नहीं बल्कि लगातार बरसों से है और जहर ऐसा है कि काटे नहीं कटता। जहर आया कहां से इसका अतापता भी बरसों से पुख्ता पता नहीं लग पा रहा। दिल्ली की नगर निगमी सरकार से लेकर देश की सरकार की लंबी चौड़ी एजेंसियां भी पता नहीं कर पा रहीं कि हवा में जहर घोलता कौन है? पंजाब के किसान या हरियाणा के पराली जलाने वाले किसान? दिल्ली के छोटे-बड़े सैकड़ों कल कारखाने या सड़कों को रौंदती बसें और अनगिनत कारें - ट्रक - बाइक? जमीनों के हर खाली टुकड़े पर ईंट पत्थर की इमारतें खड़े करते कंस्ट्रक्शन वाले? झाड़ू लगाते सफाई वाले बंधु या घास-हरियाली से मरहूम जगहों से बदस्तूर उड़ती धूल? किस पर उंगली उठाएं, तय नहीं हो पा रहा। कारण एक है या ऊपर गिनाए सभी, पता नहीं चल पा रहा। लेकिन सिर्फइतना पता है कि दिल्ली पहुंचते ही आंखें जलने लगती हैं, सांस फूलने लगती है और सफेद शर्ट कुछ ही देर में रंगत बदल देती है। जनता भी गजब की हिम्मती और सब्रशुदा है। घर के बाहर जहर खींचती है और घर के भीतर एयरप्यूरीफायर लगवा रखती है। टीवी-पेपर मोबाइल में धुएं के आगोश वाली फोटो और एक्यूआई आंकड़े पढ़ती है, फिर गहरी सांस खींच कर पोलिटिकल बहस में मशगूल हो जाती है। काम चलते रहना चाहिए। कोई चारा भी तो नहीं है। जाए तो जाए कहाँ? हर शहर का एक ही हाल है। कुछ मसला आग से जुड़ा जरूर है जिसके बारे में आसमान से खींची गई फोटुएं तस्दीक करती हैं। इनमें आग दिखाई देती जिसे पराली वाली आग बताया जाता है। पराली, जिसे जलाना जुर्म है, कोर्ट से लेकर सरकार और पर्यावरण के रखवाले प्राधिकार के तमाम आदेश हैं, बंदिशें हैं। लेकिन पराली ताल ठोंक के जलती है। और तो और,उत्तर भारत में पिछले साल की बनिस्बत इस साल पराली जलाने में 30 फीसदी इजाफा हो गया है। लेकिन मुम्बई में पराली का क्या दोष? वहां भी जनता दिल्ली वाली आबोहवा का मुजाहिरा कर रही है। वहां पराली नहीं तो कुछ और है। दिल्ली या किसी भी बड़े शहर में रहने वाले शायद भुलावे में जीते हैं कि मास्क लगाने, एसी में जिंदगी बिताने, एयर प्यूरीफायर लगवाने से महफूज़ हो गए हैं तो सिर्फ यही कहा जा सकता है : बड़े नादान बने हुए हैं बेचारे। उन्हें पता नहीं कि डब्लूएचओ ही कहता है कि जहरीली हवा यानी वायु प्रदूषण के नतीजे इस कदर गंभीर हैं - स्ट्रोक, फेफड़ों के कैंसर और हृदय रोग से होने वाली एक तिहाई मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। इस जहरीली हवा का असर एक दिन में दस पैकेट सिगरेट पीने या पाव भर नमक खाने से भी बदतर है। सिर्फ शरीर ही नहीं, आपकी हमारी मेन्टल हेल्थ को भी यही हवा चौपट किये दे रही है। एयर पॉल्युशन का नाम बीमारियों की लिस्ट में ठीक उसी तरह नहीं है जैसे साइनाइड भी बीमारी नहीं है । लेकिन वह करता क्या है, सब जानते हैं। लेकिन यही प्रदूषण हर साल 11 लाख जानें ले लेता है। कोरोना ने फेफड़े वैसे ही बेध रखे हैं। खड़े खड़े लोगों की मौत हो रहीं हैं। इसमें प्रदूषण का भी योगदान है। डॉक्टरों का कहना है कि दस फीसदी मौतें जहरीली हवा की वजह से ही हैं।हैरत की बात है कि देश, राज्य, शहर चलाने वाले भी तब नींद से जगते हैं जब एक्यूआई 500-600 के बेहद खतरनाक लेवल को पार कर जाता है। खटाखट उपाय घोषित कर दिए जाते हैं : स्कूल बंद, कंस्ट्रक्शन बन्द, पेड़ों पर पानी छिड़काव शुरू वगैरह। शायद इसके आगे न कुछ करने को है,न सोचने-करने की शक्ति या ज़ज़्बा है। हवा में जहर है तो क्या हुआ, धीरे धीरे खत्म हो जाएगा। अगले साल फिर जब एक्यूआई 500 पार करेगा तो फिर अंगड़ाई लेते नींद से जागेंगे। परमानेंट इलाज नदारद है, सिर्फ लक्षण दबाए जा रहे हैं। हम आयुर्वेदिक पद्धति के आविष्कारक भले ही हैं ।

बड़े ही रंगीले क्रिकेटर थे बिशन सिंह बेदी

नीरज मनजीत

दरअसल उन दिनों ब्रिटिश क्रिकेट बोर्ड बहुत ज्यादा ताक़तवर था और आईसीसी पर उसका काफी प्रभाव था। इधर भारतीय बोर्ड बहुत ही कमज़ोर था। ज़ाहिर है कि कहीं न कहीं आईसीसी ने भारतीय बोर्ड के अधिकारियों को दबाव में ले लिया था। इसका परिणाम यह हुआ कि इस मामले में बेदी बिल्कुल अकेले पड़ गए और बहुत बड़ा नुक़सान भी उन्हें उठाना पड़ा। ब्रिटिश प्रेस ने बेदी के ख़िलाफ़ अपमानजनक अभियान ही छेड़ दिया। इंग्लिश काऊंटी नार्थेम्पटनशायर ने उनका करार रद्द कर दिया, जबकि वे छह साल से इस काऊंटी के लिए खेल रहे थे। उन्हें इंग्लैंड में बेनिफिट मैच से वंचित कर दिया गया, जिसमें उन्हें हजारों डॉलर मिलने वाले थे। हालाँकि बाद में यूएई और भारत में उनके लिए बेनिफिट मैच खेले गए और उन्हें करोड़ों रुपए प्राप्त हुए। ब्रिटिश बोर्ड ने चिढ़कर उनके ख़िलाफ़मुक़दमा दायर कर दिया, जो बाद में खारिज़ कर दिया गया। इसी तरह बेदी ने श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के एक्शन पर भी मुखरता से सवाल उठाए। उनके मुताबिक मुरलीधरन का एक्शन काफी संदिग्ध था, जिसे वे जेवलिन थ्रो जैसा मानते थे। इस बात को लेकर श्रीलंकाई बोर्ड और मीडिया ने उनकी काफी आलोचना की थी।

बात 31 दिसंबर 1966 की है। गैरी सोबर्स की कप्तानी में वेस्टइंडीज़ की टीम भारत दौरे पर थी। दिल्ली का पहला टेस्ट वेस्टइंडीज़ ने आसानी से जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कलकत्ता के ईडन गार्डन में था। इस टेस्ट के प्लेइंग इलेवन में अमृतसर के एक 20 वर्षीय दुबले-पतले दरम्याने क़द के युवक बिशन सिंह बेदी को शामिल किया गया। उन दिनों भारतीय आक्रमण पूरी तरह स्पिन गेंदबाज़ों पर निर्भर था। लेग स्पिनर भगवत चंद्रशेखर, ऑफस्पिनर इरापल्ली प्रसन्ना और वेंकटराघवन प्रमुख गेंदबाज़ थे। बिशन बेदी बाएँ हाथ के स्पिनर थे। वेस्टइंडीज की टीम में कोनराड हंट, बेसिल बुचर, रोहन कन्हाई, क्लाइव लॉयड और सोबर्स जैसे खूंख्वार बल्लेबाज़ खेल रहे थे। युवा बेदी को मैदान में देखकर अधिकांश समीक्षकों की राय थी कि चयनकर्ताओं ने निरीह मेमने को भेड़ियों के आगे डाल दिया है, इंडीज़ के ख़तरनाक बल्लेबाज़ इस बच्चे की गेंदों की धज्जियाँ बिखेर देंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। बेदी ने उस पारी में 36 ओवर डाले और 92 रन देकर बुचर एवं लॉयड के विकेट लिए। दूसरी पारी में बेदी को गेंदबाज़ी का मौका नहीं मिला। इसलिए कि वेस्टइंडीज ने पारी से यह मैच जीत लिया था। मद्रास के तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में बेदी ने 28 ओवर डाले और 81 रन देकर कन्हाई, बेनो, लॉयड और नर्स के विकेट चटकाए। डेब्यू सीरीज में वेस्टइंडीज के बैटिंग पॉवर को देखते हुए यह प्रदर्शन कतई बुरा नहीं था। इससे भी बड़ी बात थी बेदी का साफ़-सुथरा, स्निग्ध, खूबसूरत बॉलिंग एक्शन और गेंद की फ्लाइट, लेंथ, लाइन पर गज़ब का नियंत्रण। गैरी सोबर्स और भारतीय कप्तान नवाब पटौदी उसकी गेंदबाज़ी कला पर अभिभूत थे। उसी वक़्त उन्होंने भविष्यवाणी कर दी कि क्रिकेट के एक सितारे का जन्म हो चुका है और यह लड़का विश्व क्रिकेट पर अमिट प्रभाव छोड़ेगा। बेदी के एक्शन में किसी सधी हुई संगीत रचना सी लय थी, किसी शांत धीर नदी के प्रवाह की रवानी थी। गेंद के टप्पे पर उनके नियंत्रण को लेकर उन दिनों एक बात बड़ी मशहूर हुई थी कि पिच पर एक रुपए का सिक्का रख दीजिए, बेदी घंटों उस सिक्के के आसपास टप्पा डालकर बॉलिंग करते रहेंगे। दूसरी बात थी फ्लाइट पर उनका शानदार नियंत्रण। प्रसन्ना को उस वक़्त विश्व क्रिकेट का फ्लाइट मास्टर कहा जाता था। गेंदों को फ्लाइट देकर अच्छे से अच्छे बल्लेबाज को दुविधा में डाल देने में बेदी भी कम नहीं थे। इस सीरीज के बाद बिशन बेदी किस तरह भारतीय टीम के आधार स्तंभ बन गए यह किसी से छिपा नहीं है और हमें मिली दुनिया की सर्वश्रेष्ठ स्पिन तिकड़ी बेदी, चन्द्रा और प्रसन्ना।

इस तिकड़ी में बेदी अपनी रंगीली हरदिल-अज़ीज शख़्सियत और मुखर अंदाज़ की वजह से नितांत अलहदा नज़र आते थे। उन दिनों क्रिकेट कमेंट्री रेडियो पर ही आती थी और बेदी के रंगीन पटके अक्सर कॉमेंटेटरों के लिए चर्चा का विषय हुआ करते थे। इसलिए कि दिन के हर सेशन में बेदी अलग रंग का पटका लगाकर मैदान में उतरते थे। आज का क्रिकेट एक बड़ा शो बिजनेस बन गया है, जहाँ टीवी, सोशल मीडिया और लाखों-करोड़ों की फैन फॉलोइंग बड़ा रोल अदा करते हैं। अगर बेदी आज खेल रहे होते तो बग़ैर किसी शक़ के सबसे ज़्यादा पसंदीदा खिलाड़ियों में उनका शुमार होता। बिशन बेदी एक ख़ास क्रिकेटर होने के अलावा इंसाफ़-पसंद, स्पष्टवादी, और साफ़गोई से ग़लत चीजों की से ख़िलाफ़त करने वाले शख़्स थे। इसी अंदाज़ की वजह से कई दफा उन्हें अपने कैरियर में कई विवादों और मुश्क़िलों का सामना भी करना पड़ा। 1976 में जॉन लीवर वैसलीन स्कैण्डल उनके कैरियर का सबसे बड़ा विवाद था। बिशन बेदी उस वक़्त भारत के कप्तान थे। जॉन लीवर इंग्लैंड के मीडियम पेस स्विंग गेंदबाज थे, जो उस वर्ष इंग्लिश टीम के साथ टेस्ट सीरीज खेलने भारत आए थे। पहले तीन टेस्ट मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था और जॉन लीवर ने अपनी स्विंग गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान करके सबसे ज़्यादा विकेट लिए थे। दरअसल लीवर की गेंदें बड़ी ही ख़तरनाक तरीक़े से स्विंग हो रही थीं। इस बात पर ग़ौर किया गया तो पता चला कि वे गेंद पर वैसलीन जैसी कोई चीज लगाकर गेंद को चमकाते थे। बेदी ने बड़े ही साफ़ लहजे में यह बात अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के सामने रखी। इस पर एक्शन लेते हुए बीसीसीआई ने गेंद और लीवर के माथे पर लगी पट्टियों को जाँच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया। लीवर का कहना था कि वे दोनों आँखों के ऊपर माथे पर पट्टियां इसलिए लगाते हैं, ताकि पसीना उनकी आँखों में न चला जाए। जबकि बेदी का इल्ज़ाम था कि इन्हीं पट्टियों पर वैसलीन जैसा कुछ लगा होता है। बेदी इन इल्ज़ामों को कभी साबित नहीं कर पाए, क्योंकि लैब की जाँच रिपोर्ट कभी सामने नहीं आ पाई। दरअसल उन दिनों ब्रिटिश क्रिकेट बोर्ड बहुत ज़्यादा ताक़तवर था और आईसीसी पर उसका काफी प्रभाव था। इधर भारतीय बोर्ड बहुत ही कमज़ोर था। ज़ाहिर है कि कहीं न कहीं आईसीसी ने भारतीय बोर्ड के अधिकारियों को दबाव में ले लिया था। इसका परिणाम यह हुआ कि इस मामले में बेदी बिल्कुल अकेले पड़ गए और बहुत बड़ा नुक़सान भी उन्हें उठाना पड़ा। ब्रिटिश प्रेस ने बेदी के ख़िलाफ़ अपमानजनक अभियान ही छेड़ दिया। इंग्लिश काऊंटी नार्थेम्पटनशायर ने उनका करार रद्द कर दिया, जबकि वे छह साल से इस काऊंटी के लिए खेल रहे थे। उन्हें इंग्लैंड में बेनिफिट मैच से वंचित कर दिया गया, जिसमें उन्हें हजारों डॉलर मिलने वाले थे। हालाँकि बाद में यूएई और भारत में उनके लिए बेनिफिट मैच खेले गए और उन्हें करोड़ों रुपए प्राप्त हुए। ब्रिटिश बोर्ड ने चिढ़कर उनके ख़िलाफ़ मुक़दमा दायर कर दिया, जो बाद में खारिज़ कर दिया गया। इसी तरह बेदी ने श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के एक्शन पर भी मुखरता से सवाल उठाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1602 यूरोप के सबसे पुराने पुस्तकालयों में से एक, बोडेलियन लाइब्रेरी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में खोला गया। 1619 यूनाइटेड किंगडम के एलिजाबेथ द्वितीय के प्रत्यक्ष पूर्वज एलिजाबेथ स्टुअर्ट को क्वीन ऑफ बोहेमिया का ताज पहनाया गया। 1665 अंग्रेजी भाषा के सबसे पुराने अखबार लंदन गजट को पहले ऑक्सफोर्ड गजट के रूप में प्रकाशित किया गया था। 1722 रिचर्ड स्टील के 'सचेत प्रेमी' का प्रीमियर लंदन में शुरू हुआ। 1733 फ्रांस और स्पेन ने एस्किरियल की संधि पर हस्ताक्षर किए (फ्रांस और स्पेन के बोर्नबोन राजाओं के बीच पहला 'पैक्ट डे डेमलोर') 1775 वर्जीनिया के ब्रिटिश उपनिवेश के शाही गवर्नर लॉर्ड डनमोर ने ब्रिटिश सशस्त्र बलों में शामिल होने पर देशभक्तों के गुलामों के लिए एक उद्घोषणा पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। 1786 संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना संगीत संगठन, स्टॉटन संगीत समाज, की स्थापना की गई थी। 1805 लुईस एंड क्लार्क अभियान प्रशांत महासागर में पहुंचे। 1814 हेग में नीदरलैंड्स के सभी राज्यों की पहली बैठक हुई।

आज का पंचांग

सूयादय : 06:44, सूयास्त : 05:37
चन्द्रोदय : 24:51, चन्द्रास्त : 13:52
अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : मघा, योग : शुक्ल (14:26 से ब्रह्म), प्रथम करण : तैतिल (16:33 तक), द्वितीय करण : गर (29:50 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : सिंह, मंगल : तुला (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:38 से 12:22, अमृत काल : 11:35 से 13:23, विजय मुहूर्त : 13:49 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:26 से 17:53, सायाह्न सन्ध्या : 17:26 से 18:45, निशिता मुहूर्त : 23:34 से 24:27, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:39 से 12:00, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 13:23 से), शिववास : सभा में (29:50 से क्रीड़ा में)।

QUIZ TIME

1) सेलीबीज सागर कहाँ स्थित है?

2) किस राज्य सरकार द्वारा अपनी अबुआ आवास योजना के तहत बेघरों के लिए 8 लाख घर बनाए जाने की घोषणा की गयी है?

3) कोलकाता के राजभवन में प्रतिष्ठित सिंहासन कक्ष का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा गया है?

4) यूनेस्को द्वारा किस राज्य के कोझिकोड शहर को साहित्य का शहर नाम दिया गया है?

5) एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप 2023 में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कौन सा पदक जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रशांत महासागर (2) झारखंड (3) सरदार वल्लभभाई पटेल (4) केरल (5) स्वर्ण पदक

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष - आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे उसी में उलझने पड़ेंगी।
वृष- आज के दिन अनैतिक कार्यो से बच कर रहें मन भ्रमित रहने के कारण निषेधात्मक कार्यो में भटकेगा।
मिथुन- आज आपके समस्त कार्य निर्बाधित रूप से चलते रहेंगे। कार्य व्यवसाय से आर्थिक लाभ भी रुक रुक कर होने से धन संबंधित परेशानियां कुछ हद तक सुलझेंगी।
कर्क - आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा। दिन के आरंभ में कार्यो की गति धीमी रहेगी।
सिंह- आज के दिन मानसिक चंचलता के कारण बनते कार्यो को दुविधा के कारण आप स्वयं बिगाड़ लेंगे। सरकारी कार्य आज सावधानी से करें अन्यथा लंबित रखें हानि निश्चित रहेगी।
कन्या- आपको आज के दिन प्रत्येक कार्यो में सावधान रहने की आवश्यकता है। धन के पीछे भागने की प्रवृति पर आज लगाम लगाकर रखे अन्यथा धन के साथ-साथ मान हानि भी होगी।
तुला- आज का दिन भी आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।
वृश्चिक- आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। प्रातः काल जल्दी कार्यो में जुटने का फल शीघ्र ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।
धनु- आपका आज का दिन व्यर्थ की भाग दौड़ में बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से थकावट रहेगी फिर भी कार्यो को बेमन से करना पड़ेगा।
मकर- आज का दिन आशाओं के विपरीत रहने वाला है। सोची हुई योजनाए आरम्भ में सफल होती नजर आएंगी।
कुंभ- आज के दिन आपको अपने अधिकांश कार्यो में विजय मिलेगी। सोच विचार कर ही किसी कार्य को करेंगे। आज धन लाभ प्रयास करने पर अवश्य होगा।
मीन- आज दिन का पूर्वार्ध आलस्य से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से भी अस्वस्थ्य रहेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -237

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 236 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

ट्रिपल मजा के दौर से गुजर रहे छत्तीसगढ़ के लोग; चहुंओर खुशियों का आलम!

दुर्ग/नवप्रदेश। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के लोग ट्रिपल मजा के दौर से गुजर रहे है। चुनाव, वर्ल्ड कप और सबसे बड़े त्योहार दिवाली का एक साथ ट्रिपल कांबिनेशन यदाकदा ही आता है। समय और प्रकृति छत्तीसगढ़ के हर एक व्यक्ति का ध्यान रख रहा है। भारत वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। चुनाव में लोगो के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएं हो रही है और इस बार का दिवाली करोना के बाद सबसे ज्यादा खुशियापूर्ण त्योहार होने जा रही है। बाजार गुलजार है। लोगो के जेब में पैसा है। लोगो की खुशियों का ठिकाना नहीं दिख रहा है।

ग्रामीण हलकों में धान की बम्फर पैदावारी हो रही है। सरकार ने खरीदी शुरू कर दी है और 24 घंटे में राशि किसानों के खाते में आ रही है। किसान की जेब में जब पैसा जाता है तो मार्केट का ग्राफ ऊपर पहुंच जाता है। दिवाली के समय व्यापार व्यवसाय चरम पर रहता है। उधर वर्ल्ड कप में भारत का प्रदर्शन टॉप में चल रहा है। अपने देश के प्रदर्शन से हर कोई खुश है।

छत्तीसगढ़ समेत देश के पांच राज्यों में असेंबली चुनाव है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है। मतदान दल अपने गंतव्य के लिए रवाना हो चुका है। सुरक्षा बलों की आवाजाही पूरे राज्य में तेजी से जारी है।

चुनाव में शराब की ताकत, प्रभाव का इस्तेमाल शुरू हो गया है। पियक्कड़ मतदाता मुफ्त के सोमरस में मदहोश हैं। कुछ दिनों तक उन्हें खाने पीने की चिंता से मुक्ति मिल गई है, लिहाजा वे खुश हैं। बीएसपी व रेल विभाग के कर्मचारीङ्कअधिकारी बोनस मिलने से खुश है। नई नौकरियों की आश में युवाओं की उम्मीदें बढ़ गई है। महिलाओ को हर महीने एक हजार रुपया मिलने वाली है। एलपीजी भी मात्र 500 रु में मिलेगा। घोषणाओं के इतर जमीनी हकीकत भी लोकतंत्र के महापर्व के साथ वर्ल्ड कप व दिवाली सब मिलकर खुशियों का पिटारा खोल दिए है।

सोशल मीडिया की सियासत से युवा मतदाताओं में पनप रहा हताशा, खतरा

दुर्ग/नवप्रदेश। व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का प्रोपेगेंडा इस असेंबली चुनाव में नौजवानों को कुंठित कर रहा है। व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में परोसे जा रहे ज्ञान और आंकड़े भारतीय राजनीति की ऐसी विकृत चित्रण प्रस्तुत कर रहे है जिससे नए मतदाता कुंठित हो रहे हैं। वह इसलिए भी क्योंकि सोशल मीडिया में परोसे जा रहे भ्रामक तथ्य, स्वरचित इतिहास व आंकड़ों को युवा मतदाता सही समझ रहे हैं। सोशल मीडिया में इस तरह की खबरें चलाई जा रही है कि प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियां आज तक देश के हितों पर लगातार कुठाराघात करती रही है। ऐसा चरित्र प्रस्तुत किया जा रहा है कि इन राष्ट्रीय दलों के नेताओं ने देश हित के बजाय अपने हितों को केंद्र में रखा। युवा मतदाताओं के जेहन में नेरेटिव सेट किया जा रहा है कि अब तक राष्ट्रीय दलों ने जनता को बेवकूफ बनाकर अपना उल्लू सीधा किया है। सोशल मीडिया में प्रसारित खबरो की तथ्य का परीक्षण किए बगैर उन्हें सही मान लेने की परंपरा को युवा वर्ग स्वीकार कर लेता है। इसके चलते देश की भावी पीढ़ी में निराशा, कुंठा और मायूसी घर कर रही है। यह देश के हितों के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। यहां तक वे भी बिना कुछ समझे ऐसे दुष्प्रचार में शामिल हो जाते हैं। कांग्रेस व भाजपा के लोग एक दूसरे के खिलाफ ऐसे ऐसे इतिहास सामने रखते हैं, जिनका सच्चाई से ज्यादा वास्ता नहीं होता। फिर भी वे खबरें पूरे देश में वायरल हो जाते हैं। ऐसी खबरों पर एक्शन लेने की के लिए कोई रुचि नहीं दिखा, लिहाजा मनगढ़ंत खबरें नई पीढ़ी को गलत दिशा दिखा रही है।

तीव्र सूचना विस्फोट के इस युग में ऐसी कोई जवाबदार संस्था नहीं है, जो भ्रामक मकड़जाल से देश के लोगों को बचाने प्रयास करें। हालांकि कुछ कानून तो बने हैं मगर वे नाकाफी है। व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में राजनीतिक रोटी सेंकने जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा जैसे संवेदनशील मसलों पर अलगाववाद के बीच बोई जा रहे हैं। इसमें कोई पार्टी क कार्यकर्ता पीछे नहीं है। सब को लगता है कि वह जो खबरें परोस रहे हैं वह सही है, और उसका पार्टी हित में अच्छा असर पड़ेगा। पर वे दूरगामी दुष्परिणामों को अनदेखा करने से गुरेज नहीं कर रहे। विभिन्न पार्टी के आईटी सेल अपने लाभ के लिए नके आरोप लगाने से भी नहीं चूक रहे हैं। लोगों को सनसनीखेज खबर देने के फेर में नकारात्मक जाल में उलझाया जा रहा है, जो देश के हित में नहीं है।

न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी जारी था निर्माण कार्य

■ पंचायत भी दे चुका है कई बार नोटिस, अतिक्रमणकारी सक्रिय

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सांकरा के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान और दुकान बनाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के द्वारा कई बार नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया तो इसकी शिकायत नायब तहसीलदार से की गई। नायब तहसीलदार ने आवेदन स्वीकार करते हुए तत्काल अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए। लेकिन अतिक्रमणकारियों के द्वारा न्यायालय के आदेश के बाद भी अतिक्रमण पर निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया और निर्माण कार्य जारी रखा गया।

आज फिर निर्माण कार्य किया जा रहा था इसकी जानकारी होने पर पटवारी ने मौके पर जाकर काम को बंद करवाया। वही बता दे की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जाने का मामला आचार संहिता के चलते ज्यादा बढ़ गई है। यहां पर अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद होता नजर आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सांकरा के शासकीय भूमि खसरा नंबर 741 /1 रकबा 18.09 हेक्टेयर के 4814 वर्ग फीट में श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव पति कमलेश श्रीवास्तव द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसे लेकर पहले भी ग्राम पंचायत ने नोटिस जारी कर अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश भी दिया था लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण जारी रहा। 27 अगस्त 2016 को ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव लिया था जिसमें प्रस्ताव क्रमांक 21 में अवैध कब्जा होने की स्थिति में इसे हटाने की भी मांग की गई थी। नायब तहसीलदार के द्वारा भी दिनांक 20 जून 2020 को जब काम चल रहा था उसे समय भी स्थगन आदेश जारी किया गया था। लेकिन उसके कुछ दिन बाद फिर से अतिक्रमण किए जाने का मामला प्रकाश में आया। इसके अलावा ग्राम पंचायत के द्वारा 24 मई 2021 को फिर से कब्जा हटाने की नोटिस अतिक्रमणकारी को दिया गया। इसके बाद 14 अक्तूबर 2023 को फिर नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए। न्यायालय नायब तहसीलदार ने फिर से स्थगन आदेश जारी किया। 26 जून 2021 को पटवारी ने नायब तहसीलदार के निर्देश पर अपना प्रतिवेदन नायब तहसीलदार को दिए दें इसके बाद भी अतिक्रमण जोरों से जारी है। अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीण भी लामबंद होने लगे हैं। ग्रामीणों ने मांग किया है कि न्यायालय जल्द से जल्द इस प्रकरण का निपटारा करते हुए अतिक्रमण पाए जाने की स्थिति में अतिक्रमण हटवाया।

पटवारी और पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे

निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी मिलने पर हल्का पटवारी ताराचंद मेश्राम एवं ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव ईश्वर निषाद मौके पर पहुंचे और स्थगन आदेश का हवाला देते हुए तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उसके बाद बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य बंद किया गया।

> स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी होने की सूचना पर तत्काल पटवारी को भेजकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने निर्देश दिए।
>
> **भूपेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार**

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने किया कुम्हारी के विभिन्न वार्डों का दौरा

■ **देर रात तक चली रैली**

कुम्हारी /नवप्रदेश। पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी नगर में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने विभिन्न वार्डो पर दस्तक देते हुए वार्ड क्रमांक 15, 14, 8, 7 एवं 10 का दौरा किया। विजय बघेल ने भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर वह धरातल पर कार्य करती दिखाई देगी उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस ने हमारे घोषणा पत्र की नकल तो की है लेकिन अक्ल से नही हमने 3100 रुपए का समर्थन मूल्य 21 क्विंटल में देने का वादा किया है इसका मतलब हम अभी भी उनसे 1100 रुपए किसानों को अधिक ही देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही प्रत्येक महिलाओं को साल के 12000 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कथनी और करनी में कभी अंतर नहीं करती जो कहते हैं पूर्ण करते हैं।

डबल इंजन की सरकार बनने पर प्रदेश का तीव्र विकास होगा-

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार और केंद्र सरकार मिलकर प्रदेश का तेज विकास करेंगे। सभा में महिलाओं की भारी उपस्थिति ने भाजपाइयों के उत्साह में वृद्धि कर दी मातृशक्ति को नमन करते हुए प्रत्याशी ने कहा कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। दिनभर भाजपा की रैली नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर प्रचार करती रही जिसमे हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

निधन

वाईपी शर्मा

दुर्ग/नवप्रदेश। आर्यनगर निवासी वाई पी शर्मा 82 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. घनश्याम प्रसाद उपाध्याय (सिकोलाभाटा वाले) के पुत्र और संजय शर्मा के पिताजी थे।

डेमेन्द्र देशमुख

भिलाई। अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है मेरे डेमेन्द्र (सोमू) देशमुख पिता श्री श्याम देशमुख उम्र 27 वर्ष ग्राम जंजगिरी जो कि बिलासपुर में पीएससी की कोचिंग कर रहा था ,आज रात्रि 5 नवंबर को अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2 बजे जंजगिरी के मुक्तिधाम में किया गया। श्री सहदेव देशमुख व अर्जुन देशमुख का भतीजा हैं।

जरूरतमंदों के साथ जनसमर्पण सेवा संस्था मनाएगी खुशियों की दिवाली

दुर्ग/नवप्रदेश। दीपों के त्योहार को दीपावली के नाम से अधिक जाना जाता है। फिर दीपावली जैसे त्योहारों पर हम अपने करीबी और प्यारे लोगों को कुछ नए कपड़े उपहार में देते थे। खासकर हमारे बच्चे के लिए और यह एक परंपरा है। लेकिन ऐसे कई बच्चे हैं, जो अनाथ है और एकल माता-पिता हैं जो उन्हें नए कपड़े नहीं दे सकते क्योंकि वे दूसरों के घरों में थोड़े से वेतन के साथ काम करते है या नौकरानी का काम कर रहे है, ऐसे गरीब बच्चों बुजुर्गो एवं महिलाओं को जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग ने घरों में दीपावली के दौरान नए कपड़े, फटाखे और मिष्ठान, नमकीन उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

इस वर्ष सभी के सहयोग से संस्था द्वारा लगभग 500 से अधिक बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं को नए कपड़े और दिवाली की मिठाई एवं नमकीन देने की योजना बनाई है। संस्था का यह दीपावली पर्व कमजोर बच्चों एवं कमजोर परिवार में खुशियां फैलाएगा।

समाजवादी विचारधारा का जन्म ही समाज के निराश्रित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी वह सुख सुविधाएँ पहुंचाने के लिए हुआ है, जिनसे अभी तक वह अछूता रहा है। एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता का एकमात्र धर्म मानवता व सेवा होता है।

इन्ही बातों को आत्मसात करते हुए जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग जोकि विगत 6 वर्ष 10 माह से बिना रुके प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं अन्य स्थानों में अस्थाई रुप से निवासरत मजदूर, असहाय, महिलाएं, बच्चों, विकलांग जनों को रात्रि में निःशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है, इसके साथ साथ विगत 7 वर्षों से संस्था के सभी युवा सदस्य सभी पर्व एवं त्योहारों में जरूरतमंदों की हर संभव मदद करते आ रहे है। संस्था द्वारा विगत 7 वर्षों से दीपावली पर्व पर हर जरूरतमंदों तक मिठाई, नये कपड़े, फटाखे वितरण करती आ रही है, इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष संस्था द्वारा जरूरतमंदों की खुशियों की दीपावली सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें 7 नवम्बर से 10 नवम्बर तक प्रतिदिन अलग अलग स्थानों में जाकर बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं को दीपावली पर्व को धूमधाम से मनाने हेतु नये कपडे, मिठाई, नमकीन, फटाखे, साबुन, निरमा, एवं अन्य जरूरत की सामग्री वितरण की जावेगी। 7 नवम्बर को मंदबुद्धि स्नेह स्कूल, दुर्ग, एवं दुर्ग अनाथ महिला हॉस्पिटल, दुर्ग में निवासरत बच्चों, एवं महिलाओं को साड़ी, नए कपडे, पटाखे, मिष्ठान, नमकीन, कॉपी, पेन, चॉकलेट, साबुन, निरमा, पेस्ट, एवं अन्य जरूरत की समाग्री वितरण किया जावेगा।

कांग्रेस को मिल रहा है व्यापक जनसमर्थन

सीएम बघेल की पत्नी और बेटी ने संभाला जनसंपर्क

पाटन/नवप्रदेश। पाटन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस काफी मजबूत दिख रही है। यहां पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में उनके कार्यकर्ता तो घर-घर जाकर जनसंपर्क कर ही रहे हैं साथ ही साथ मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल और उसकी बेटी स्मिता बघेल महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क में जुटी हुई है। आज नगर पंचायत पाटन के विभिन्न वार्ड में जनसंपर्क किया गया ।।साथ ही साथ महिलाओं की बैठक में भी शामिल हुई। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल , स्मिता बघेल , भूपेंद्र कश्यप, जय श्री वर्मा, जागेत्री साहू जी, उर्वशी वर्मा जी, तरूण बिजौर ,किरण चंद्राकर , पुरषोत्तम कश्यप , अर्पिता आभाष दुबे , लक्ष्मी कोसरिया, डोमन भारती , सरजू साहू , दर्शन सिंह, गोपाल देवांगन , नीरज सोनी, मनोज कुर्रे, दिनेश शर्मा , धनेश्वर वर्मा , मनोज वर्मा, संदीप कश्यप, अशीष वर्मा, तरूण वर्मा, दिलवाला नेताम, संजय पांडेय, नितिन तिवारी, मोती बघेल सहित अन्य मौजूद थे।

हम सिर्फ वोट बैंक नहीं : तुलसी साहू

दुर्ग/नवप्रदेश। पाटन क्षेत्र के मेहतर वर्मा के बाद शहरी लीडर तुलसी साहु का कांग्रेस छोड़ना, वह भी ऐन चुनाव के समय; महसूस होता है जिला कांग्रेस के नेता इसकी गंभीरता समझना नही चाह रहे है। यद्यपि चुनाव के समय पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को अच्छा नहीं माना जा सकता मगर उनकी दिल की पीड़ा को नजरंदाज कैसे किया जा सकता है।

ध्यातव्य है, रिसाली निगम चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने तुलसी साहू को भिलाई जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया था और विधानसभा के लिए उनकी प्रबल दावेदारी को खारिज कर दिया गया। उनका कहना है, कांग्रेस ने अपने रिश्तेदार को टिकिट दे दी।उन्होंने कहा कि काग्रेस में अब पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का बोलबाला नही रहा। 2018 में सरकार बनने के बाद से ही कांग्रेसी नेता घिर चुके है।

कांग्रेस छोड़ भाजपा की हो चुकी तुलसी ने कहा कि भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष रहते मंत्री ताम्रध्वज साहू उनकी ना सुन पार्टी के समर्पित और ऊर्जावान साथियों को अवसर दिया। रिसाली निगम चुनाव में अपने मन मुताबिक टिकिट बांट कर उन्हे भिलाई जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटवा दिया था।

उन्होंने रुंधे गले से यह बात कही कि मैं भी साहु समाज से आती हूं। किंतु इसके बाद भी उनका मेरे प्रति भेदभाव पूर्व रवैया रहा। लेकिन पार्टी का सम्मान करते वो चुप रही। किंतु आज स्वतंत्र हूं इसलिए अपनी पीड़ा व्यक्त कर रही हूं। समाज को भी ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत हैं।क्योंकि हम सिर्फ वोट बैंक नही है।

सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर पोस्टरों को निगम कर रहा जप्त

■ आचार संहिता में संपत्ति विरूपण की नियमित कार्यवाही

भिलाई/नवप्रदेश । भिलाई निगम की टीम वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र से अब तक 11 हजार से अधिक राजनैतिक प्रचार सामाग्री को सम्पत्ति विरूपण के अधीन कार्रवाही कर हटाया है।

भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने निगम प्रशासन जुटा हुआ है और क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक पार्टियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर किए गए वॉल राईटिंग को मिटाने के साथ ही प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, फ्लेक्स को निकालकर जप्त कर रहे है। शासकीय भवन, बिजली खंभे, पेड़ पौधों में लगे राजनीतिक विज्ञापनों को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाया जा रहा है। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलग अलग पाली में शहर का भ्रमण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान से 7 हजार झंडे बैनर तथा निजी संपत्ति से 5 हजार से अधिक प्रचार सामग्री जप्त कर चुके है।

निगम के सभी जोन आयुक्त, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट कर रहे है। जोन की टीम सुबह से जोन क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्र, बेनर, पोस्टर, दीवार लेखन, एल.ई.डी. स्क्रीन, झण्डे की जॉच कर रहे है और बिना अनुमति के लगे राजनैतिक प्रचार सामग्री को जप्ती बना रहे है। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के लिए पृथक से कंट्रोल रूम बनाया गया है सूचना प्राप्त होने पर टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रहे है। निगम के निगरानी दल शहर मे होने वाले आयोजनों तथा टेंट पंडाल पर भी नजर रखे हुए है अनुमति पत्र नहीं दिखाए जाने पर तत्काल प्रभाव से हटाया भी जा रहा है। आचार संहिता लगने के बाद से अब तक निगम क्षेत्र के भिलाईनगर व वैशालीनगर विधानसभा से निजी व सार्वजनिक जगहों से 4677 स्थान से वाल राईटिंग, 6108 नग पोस्टर, 364 बैनर, 476 अन्य प्रचार सामग्री को निगम की हटा चुकी है।

नाट्य मंचन और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी के भिलाई मे रीजनल सेन्टर खोले जाने हेतु छत्तीसगढ के समस्त कलाकार प्रति रविवार सिविक सेंटर में एकत्रित हो रहे हैं। कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे इस दौरान टाक शो और कला प्रदर्शनी लगाई जाती है जिसमें भिलाई की कलाप्रिय जनता का हुजूम उमड़ रहा है। इस बार सुप्रसिद्ध नाट्य एवं संगीत कलाकार डाक्टर सोनाली चक्रवर्ती एवं उनके स्वयंसिद्धा समूह का नुक्कड नाटक तथा बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी थी। भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए शुरू किया गया यह टाक शो लोगो के सिर चढ़कर बोल रहा है। स्वयंसिद्धा समूह ने अपने नाटक में नारी के वैवाहिक जीवन और उसके संघर्ष का सटीक चित्रण करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं चित्रकार अर्चना सेनगुप्ता द्वारा सिखाए गए लगभग पचास बच्चो की पेन्टिंग प्रदर्शनी ने लोगो को वाहवाही पर मजबूर कर दिया। इसे रथ चबूतरे के चारो तरफ लगाया गया था। खुले में पेन्टिंग प्रदर्शनी का यह भिलाई मे नया ट्रेंड है जो कि अब तक महानगरों में ही सीमित थी।

ठग विद्या में माहिर है भाजपा : सीएम भूपेश

■ मोदी की गारंटी पर जनता कैसे करे भरोसा : बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र जारी करने के बाद सुकुलदैहान, मोतीपुर, मोहड़, टेड़ेसरा की जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास ऐसा कोई नेता नहीं जो जनता का भरोसा जीत सके, इसी लिए ठग विद्या में माहिर मोदी की गारंटी रुपी जुमले भरे घोषणा पत्र जारी कर आम जनता को गुमराह करने का काम किया है। धान का कटोरा छत्तीसगढ़ में किसान कर्ज की मार से बेबस होते है, उसके लिए भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई उल्लेख न कर किसानों के साथ फिर से क्रूर अन्याय किया है। बिजली बिल, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई बात ना कर अपने कुनीति का परिचय दिया है, वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में फिर से किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की है। वहीं 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने के साथ-साथ गैस में 500 रु की छूट देने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा कर अपने विकासशील सोच को प्रदर्शित किया है। कांग्रेस सरकार धान के समर्थन मूल्य को 32 सौ रु तक पहुंचने का एक ढांचा तैयार किया है। जातिगत जनगणना के साथ-साथ शिक्षा में क्रांतिकारी कदम में सभी सरकारी स्कूलों को आत्मानंद स्कूल बनाने का संकल्प लिया है। संस्कारधानी राजनादगांव से प्रेरणा लेकर अंतेष्टि के लिए लकड़ी और कंडे की मुफ्त सहायता भी कांग्रेस ने करने का घोषणा किया है। भाजपा को आडे हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने चिरपरिचित आक्रामक तेवर में कहा कि छत्तीसगढ़ की योजनाओं को भाजपाई रेवाड़ी की संज्ञा देते हैं, जबकि इन्हीं योजनाओं के दम पर हमने 40 लाख परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। 17 लाख परिवारों के आवास की परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में राशि का हस्तांतरण उनके बैंक खातों में कर दिया है। सबसे हास्यापद यह है कि डिजिटल कैश की बात करने वाली भाजपा ग्राम पंचायत स्तर पर धान खरीदी की राशि का वितरण कर अपने भाजपाइयों को कमीशन देने का एक मास्टर प्लान तैयार किया है। भाजपा की नियति और नीति दोनों में खोट रहता है, जिसके कारण 15 वर्षीय भाजपा सरकार होने के बाद भी छत्तीसगढ़ विकास की उस ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाया था। आज भाजपाइयों में नेतृत्व का संकट है। छत्तीसगढ़ में कोई ऐसा नेता नहीं है जो छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति अपनी जवाब देही प्रदर्शित कर सके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी से बड़ा बनाकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा व्यक्तिवादी पार्टी है। पूंजीवादी पार्टी है, वह लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है। विशाल जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य किया है और आने वाले दिनों में आप लोग के जनादेश से फिर से सरकार बनेगी और विकास सहित अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की जो कल्याणकारी योजनाएं हैं, वह निरंतर चलते रहेगी और नई योजनाओं के साथ छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाइयों तक हम पहुंचाएंगे।

लालू ने चारा खाया तो कांग्रेस गोबर पचा गई : योगी

■ योगीमय हुई संस्करधानी, रोड-शो में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फायर ब्रांड नेता उत्तर प्रदेश के के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ राजनांदगांव प्रवास पर रहे। इस दौरान रोड शो के जरिए उन्होंने मतदाताओं से डॉ. रमन सिंह को जीताने की अपील की। योगी जी के रोड शो में ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरी संस्कारधानी योगी मय हो गयी। पूरा शहर भगवा मय नजर आया। जगह-जगह जेसीबी से पुष्प वर्षा कर यूपी के बुलडोजर बाबा का स्वागत किया गया। लोग योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को बेताब नजर आए। भारी भीड़ और समर्थकों के साथ शुरू हुए इस चल समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के स्थानीय प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह भी शामिल रहे। नांदगांव विधानसभा में भाजपा सियासी लिहाज से बेहद मजबूत मानी जाती है, वहीं रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ के चलते पार्टी विरोधी दलों को यह संदेश देने में कामयाब भी हुई। इस रोड शो में महिलाएं बड़ी संख्या में भगवा साड़ी पहनकर नजर आयीं। वहीं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नाचते-गाते झूमते रहे। चुनावी प्रचार के आखिरी दिन आयोजित भारतीय जनता पार्टी के रोड.शो में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ को देख पार्टी के योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री गदगद हो गए। रैली जिस-जिस मार्ग से गुजरी, वहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर योगी आदित्यनाथ और डॉ. रमन सिंह का स्वागत किया। गुरूद्वारा चौक शुरू हुआ कारवां मानव मंदिर, सिनेमा लाईन, भारत माता चौक होते हुए गंज चौक पहुंचा, जहां रैली जनसभा में तब्दील हो गयी। सभा को संबोधित करते हुए योगी जी ने कहा कि संस्कारों का असर कैसे पड़ता है इस बात का प्रमाण कांग्रेस और आरजेडी की सांठ-गांठ को देख कर मिलता है। बिहार का मुख्यमंत्री रहते हुए लालू यादव ने गाय-भैस का चारा खाया था, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार उससे भी आगे निकल गयी और गाय-भैंस का गोबर तक पचा डाला। उन्होंने कहा कि घोटालों वाली, वादाखिलाफी करने वाली, भ्रष्टाचारी, माफियाओं को सरंक्षण देने वाली यह कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के अस्तित्व को मिटाने में लगी हुई है। आने वाले सात नवंबर को जनता इस देश विरोधी, आंतकवादियों और नक्सलियों का समर्थन करने वाली सरकार का अस्तित्व मिटाने जा रही है। योगी जी ने कहा कि भूपेश सरकार ने जनता को केंद्र से मिलने वाली योजनाओं का भी बंदरबाट कर दिया। मोदी जी ने विकास के लिए पैसा भेजा, पेयजल, स्वास्थ्य, आवास के लिए राशि भेजी, जो लोगों के पास पहुंची ही नहीं। आपको सुविधाओं से वंचित करने वाली इस सरकार को वोट से वंचित करना है। उन्होंने कहा कि सात नवंबर को पहले चरण की वोटिंग में भाजपा की जीत का डंका बजा कर दूसरे चरण का शंखनाद करें।

पुलिस जवानों ने शहर में किया फ्लैग मार्च

नवागढ/नवप्रदेश। रविवार को विधानसभा चुनाव और दीपावली त्यौहार के मद्देनजर एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने नवागढ शहर में पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च किया। लोगों को आदर्श अचार सहिता का पालन करने एवं नगर की परम्परा के अनुरूप दीपावली त्यौहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस दौरान एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, नायब तहसीलदार सुमित देवागन, नगर पंचायत सीएमओं टीआर चौहान सहित केन्द्रीय एएसबी 62 वाहनी बल एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे। फ्लैग मार्च थाना नवागढ परिसर से राजीव गांधी चौक, बस स्टैण्ड, मिश्रापारा, तिलकापारा, कालेज चौक एवं प्रमुख मार्गो से होते हुए फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे ङ्क चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। साथ ही फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग के दौरान आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया।

योगेश तिवारी मिला प्रधानमंत्री मोदी से

बेमेतरा/पवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दुर्ग आगमन पर हैलीपैड पर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को बेमेतरा आने का न्यौता दिया। भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को बेमेतरा जिलें की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया बेमेतरा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र हैं और बेमेतरा ज़िले का आर्थिक विकास के किसानों के लिये पर्याप्त सिंचाई संसाधन की जरूरत हैं।

प्रथम पेज का शेष ...

छत्तीसगढ़ विस चुनाव...

इसे देखते हुए निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान के लिए अलग-अलग समय जारी किया गया है। इसके तहत 10 सीटों पर मतदान के लिए 8 घंटे सुबह 7 बजे से 3 बजे तक और बाकी की 10 सीटों पर 9 घंटे सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

40 लाख 78 हजार मतदाता डालेंगे वोट : प्रथम चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता और 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 200 संगवारी मतदान केंद्र हैं, जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

यहां 8 से शाम 5 बजे तक मतदान

पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा सीट पर सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान होंगे।

इन सीटों पर सुबह 7 से 3 बजे तक वोटिंग

मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा सीट पर सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

आप इन 12 दस्तावेजों के साथ कर सकेंगे मतदान

छत्तीसगढ़ में पहले चरण के लिए 20 सीटों पर मंगलवार यानी 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इनमें बस्तर संभाग की 12 और राजनांदगांव लोकसभा की 8 सीटों पर होगा। मतदान करने के लिए मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी 12 दस्तावेजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोलिंग बूथ पर ये दस्तावेज भी मान्य होंगे। इन्हें दिखाकर वोटर इन दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेगा। बता दें 7 अनारक्षित, 12 एसटी और 1 एससी सीटों के लिए पहले चरण का चुनाव होगा।

नक्सलियों ने किया आईईडी ...

घटना में बीएसएफके आरक्षक चंद्रप्रकाश सेवल एवं पोलिंग पार्टी के 02 कर्मचारी घायल हो गये। दोनों घायल चुनाव अदिकारी पीठासीन पदाधिकारी हैं। तीनों घायल की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक घायलों का ईलाज छोटेबेठिया में किया जा रहा है। वहीं बाकि मतदान दल एवं सुरक्षाबल की टीम सुरक्षित रेंगागोंदी मतदान केंद्र पहुँच गए है।

आज छग आएंगी प्रियंका ...

रवाना हो जाएंगी। प्रियंका गांधी इन 7 महीनों में छठवीं बार छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगी। वे 25 फरवरी को पार्टी के अधिवेशन में शामिल होने के लिए नवा रायपुर आई थीं। इसके बाद 12 अप्रैल को वो जगदलपुर में भरोसे के सम्मलेन में शामिल होने के लिए आई हुई थीं। 22 सितंबर को भिलाई में महिला सम्मलेन, 6 अक्टूबर को पंचायती राज्य सम्मलेन, 30 अक्टूबर को खैरागढ़ और बिलासपुर में रैली में शामिल हुईं। इसके बाद अब वे 7 नवंबर बालोद दौरे पर रहेंगी।

अंबिकापुर - बरवाडीह में नई ब्रॉड गेज डबल रेल लाईन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। बरवाडीह नई ब्रॉड गेज डबल रेल लाइन (199.98 Kms) छत्तीसगढ़ राज्य में सरगुजा और बलरामपुर जिलों एवं झारखंड राज्य में गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों को कवर करेगी। इस रेल लाइन का 134.1 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसगढ़ में और 65.88 किलोमीटर हिस्सा झारखंड में पड़ेगा।

परियोजना पूर्ण होने की अवधिः 5 वर्ष, नए रेल लिंक के निर्माण की लागतः लगभग 10,000/- करोड़ रुपये इस रेल खंड पर ट्रेनों की अधिकतम स्वीकृत गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। सेक्शन के अन्य खंडों की तुलना में यह अधिक गति वाला रेल खंड होगा। वास्तविकता में यह भारत के सबसे ज्यादा स्पीड वाले रेल खंडों में से एक होगा। अंबिकापुर-अनूपपुर रेल खंड, जिसमें यह सेक्शन शामिल होगा, वर्तमान में 95 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाला सेक्शन है, जबकि झारखंड में बरवाडीह गढ़वा-सोननगर खंड 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाला है।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इस रेल खंड को भारत की आजादी से पहले मंजूरी दी गई थी। इस परियोजना को 1947 में स्वीकृत किया गया था।

शुरुआत में सरनाडीह से बरवाडीह (79.4 किलोमीटर) तक रेल लाइन का निर्माण 1947 में रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया था। इसका निर्माण कार्य 1947 में शुरू कर दिया गया था। बरवाडीह से सरनाडीह तक कुछ पुलों को बनाने समेत कुछ निर्माण कार्य पूरा हो गया था। हालांकि, 1950 में इस रेल लाइन का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। उसके बाद इस आदिवासी इलाके को गुमनामी में छोड़ दिया गया।

छत्तीसगढ़ और झारखंड में पड़ने वाला यह इलाका अत्यधिक अविकसित है और शेष भारत से इसकी कनेक्टिविटी भी बहुत खराब है।

नया रेल लिंक कोयला ब्लॉक्स को रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगाः महान उत्तर कोल ब्लॉक (37.06 वर्ग किमी) 250 मिलियन टन कुल भंडार, महान दक्षिण कोल ब्लॉक (17.55 वर्ग किमी) 286 मिलियन टन। नई रेल लाइन परिवहन का तीव्र और सुगम साधन उपलब्ध कराएगी, इससे छत्तीसगढ़ और झारखंड के इस खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इस क्षेत्र के लेटेराइट, बॉक्साइट, ग्रेफाइट, लौह अयस्क जैसे खनिजों की पूरे देश में मांग है। रेल लिंक से जुड़ जाने पर पूरे देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

यह रेल लाइन गया, मुगलसराय जंक्शन, पटना स्टेशनों को बरवाडीह रेल रूट के माध्यम से दक्षिण, पश्चिम दिशा के यातायात के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में मतदान दलों का रेंडमाइजेशन

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र क्र. 68 साजा, 69 बेमतरा और 70 नवागढ़ के लिए आज यहां कलेक्ट्रोरेट के दिशा सभाकक्ष में पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान दल क्र. 1, 2 और 3 का द्वितीय रेंडमाईजेशन हुआ। रेंडमाईजेशन में सामान्य प्रेक्षक अभिशेक कृष्णा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी मौजूद थे। प्रेक्षक श्री कृष्णा ने संगवारी मतदान दलों की जानकारी ली। विधान सभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान दलों का रेंडमाईजेशन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा किया गया। मतदान दलों के रेंडमाईजेशन का यह दूसरा चरण था। मतदान दल के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक एवं मतदान अधिकारी दो का समूह बन गया हैं। जिसके अंतर्गत मतदान दलों को जानकारी हो जाएगी कि उनकी किस विधानसभा में ड्यूटी लगी हैं।

ईवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग शुरू

■ सामान्य प्रेक्षक श्री कृष्णा व कलेक्टर एल्मा रहे मौजूद

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए आज जिला मुख्यालय कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम की कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। कमीशनिंग की प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक अभिशेक कृष्णा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा के मौजूदगी में हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल (निर्वाचन) डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभाओं साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर विश्वास राव मस्क साजा, सुश्री रुचि सिंह बेमेतरा और भूपेन्द्र जोशी नवागढ़ उपस्थित रहें।कमीशनिंग के दौरान जिलें के तीनों विधानसभा और मतदान केन्द्रो में जाने वाली कमीशनिंग की प्रक्रिया सुबह 9 बजे शुरू हुई। मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया कल तक चलेगी। ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनो की कमीशनिंग ईलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान संस्थान ईलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीआईएल) हैदराबाद से पहुंचे।

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब-121 / वर्ष 2023-24
ग्राम -करेली प.ह.न.- 13

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिशचंद्र साहू आ. रामसुख साहू निवासी ग्राम-करेली प.ह.नं. 13 तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा अपने दादी सुकरिया बाई पति शेखुराम की मृत्यु दिनांक 31/05/2014 को स्थान करेली, तहसील धमधा जिला दुर्ग में हो जाने से, मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले में या स्थान में दर्ज नहीं होने से मृतिका श्रीमती सुकरिया बाई पति शेखुराम की मृत्य प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन के साथ शपथपत्र, ग्राम पंचायत करेली का प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रार करेली का अप्राप्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10/11/2023 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 06/11/2023
सुनवाई दिनांक 10/11/2023

सील — तहसीलदार धमधा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ/74 वर्ष 2023/2

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डायरेक्टर नरेन्द्र राठी पिता लालचंद राठी निवासी ग्राम महेश नगर पुलगांव तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 272 रकबा 0.198 हे. भूमि जो कि आवेदक /शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर ड्प्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र थालान की मूल प्रति, के द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेस सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का या दावा हो तो वह नियत, पेशी दिनांक 23/11/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् श्रापत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/10/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 31.10.2023
सुनवाई दिनांक 23.11.2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईशतहार

(रा.प्र.क्र. 202310101000067 अ/6 वर्ष 2023 24)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202310101000067 /अ-6/ वर्ष 2022-23 में आवेदक वहीदन बी पति स्व. सईद उददीन अन्य 01 निवासी - फरीद नगर सुपेला द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न, 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 2577/91 रकबा 0.05 हे./2600 वर्गफीट भूमि है। जो भूमिस्वामी सईद उद्दीन पिता सिराजुद्दीन के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी सईद उद्दीन पिता सिराजुद्दीन की मृत्यु दिनांक 31/07/2021, को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर 28.11.2023 दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/11/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब-121 / वर्ष 2023-24
ग्राम - करेली प.ह.नं.- 13

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिशचंद्र साहू आ रामसुख साहू निवासी ग्राम-करेली प.ह.नं. 13 तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा अपने दादा शेखुराम पिता झग्गर साहू की मृत्यु दिनांक 27/02/1988 को स्थान करेली, तहसील धमधा जिला दुर्ग में हो जाने से, मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले में या स्थान में दर्ज नहीं होने से मृतक शेखुराम पिता झग्गर साहू की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन के साथ शपथपत्र, ग्राम पंचायत करेली का प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रार करेली का अप्राप्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10/11/2023 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 06/11/2023
सुनवाई दिनांक 10/11/2023

सील — तहसीलदार धमधा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पिन्टू कुमार वैष्णव आ. स्वा. राधेश्याम वैष्णव, निवासी मकान नं. 391, स्वामी विवेकानन्द वार्ड, वार्ड क्र. 09, शंकर नगर, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने (1) श्रीमती सरिता वैष्णव ध.प. स्व. राधेश्याम वैष्णव, (2) राकेश वैष्णव, (3) रिंकु कुमार वैष्णव, (4) रानी वैष्णव, (5) दिक्षा वैष्णव सभी के पिता ध.प. स्व. राधेश्याम वैष्णव से एक जमीन, जिसका खसरा 1223/13, रकबा 0.005 हे.=47.49 वर्गमीटर जो कि दुर्ग (वार्ड नं. 09, स्वामी विवेकानंद वार्ड) प.ह.नं. 24, रा.नि.म. दुर्ग-1, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), संपत्ति नगर पालिक निगम दुर्ग अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 08.06.2022 के तहत प्राप्त हुआ। उक्त संपत्ति श्रीमती सरिता वैष्णव व इत्यादि को राधेश्याम वैष्णव के फौत वारिसान के तहत प्राप्त हुआ। उक्त संपत्ति को श्री राधेश्याम वैष्णनव आ श्री बृजदास वैष्णव व श्रीमती कौशलिया देवी राठी ध.प. नंदकिशोर राठी से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 17.06.1994 के तहत क्रय किया था। उक्त बयनामा (श्री राधेश्याम वैष्णव आ. श्री बृजदास वैष्णव व श्रीमती कौशलिया देवी राठी ध.प. नंदकिशोर राठी) मेरे पक्षकार से गुम हो गया था । इस बाबत् मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 03.11.2023 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है । अतः किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 17.06.1994 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफ को सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अस्तु सूचना जाने ।

शुभ्रा चक्रवर्ती (अधिवक्ता)
वस्ति अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स
12, नगर निगम परिसर सुपेला-भिलाई (छ.ग)
मो.नं. 9302887265

न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला- दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

मामलो क्रमांक/अ-27- सन् 2023/24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती ई. सरस्वती पति स्व. ई. रामलु. ई.जनार्दन पिता स्व.ई.रामलु, ई. शंकर पिता स्व. ई. रामलु, सभी निवासी मकान नं.-3-ए, सड़क नं.-1 धनोरा रोड सरस्वती कुंज रिसाली (पूर्व) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) विरुद्ध ई.गणपति पिता स्व.ई. रामलु निवासी क्वा.नं. 12. एच. स्टेट बैंक कालोनी, सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदकगण एवं अनावेदक के संयुक्त नाम पर ग्राम रिसाली, प.ह.नं.49, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.764/13 रकबा 0.01 हे. /1254 वर्गफीट परिवर्तित भूमि एवं खसरा नं.764/11 रकबा 0.02 हे/1998 वर्गफीट भूमि स्थित है, उक्त भूमि का आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य मौखिक बटवारा हो चुका है। उक्त आधार पर आवेदकगण द्वारा श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीष वर्ग-2 दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. के समक्ष दावा वास्ते स्वत्व घोषणा बाबत वाद-पत्र प्रस्तुत किया था, जिस पर श्रीमान व्यवहार न्यायालय, दुर्ग द्वारा दिनांक 09.09.2023 को आवेदकगण एवं अनावेदक के आपसी राजीनामा एवं पूर्व बटवारा के आधार पर निर्णय एवं डिक्री पारित किया गया है। श्रीमान व्यवहार न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 09.09.2023 के अनुसार कंडिका क्रमांक-3 की उपकंडिका (अ) (ब) (स) में वर्णित कथन के आधार पर रिकार्ड दुरूस्त किया जाकर निष्पादन की कार्यवाही किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 11/12/23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/10/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार, तहसील दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 6995 दिनांक 6.11.2023
वार्ड का नाम - 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802100846 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAVINDRA KUMAR NAROLIYA पिता/पति श्री/श्रीमती PURSHTOOM NAROLIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RADHA SINGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती TAMASKAR SINGH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत हक़ त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4

मामलेकी श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00005 भेडसर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी 202324430100900001

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम भेड़सर के वर्तमान भूमिस्वामी सुशीलाबाई पिता/पति-प्रहलाद ठाकुर पता भेड़सर., गणेशिया पिता/पति बिंझवार पता भेड़सर., बिमला पिता/पति बिंझवारपता भेड़सर, राधा पिता/पति बिंझवार पता-भेड़सर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 257 (0.2000), 1439 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुशीला बाई पिता/पति प्रहलाद ठाकुर पता भेड़सर राधा पिता/पति-बिंझवार पता-भेड़सर, बिमला पिता/पति-बिंझवार पता भेड़सर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/11/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदारदुर्ग 4 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि डूमरतराई, रायपुर में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार अन्तर्गत "स" दुकान क्र.-12, द्वितीय तल, श्री पराग केहरि पिता श्री एस. के. केहरि के नाम पर ऑफर आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 06.06.2017 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री पराग केहरि पिता श्री एस. के. केहरि, निवासी- कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त दुकान को क्रेता श्री सिद्धार्थ केसवानी पिता श्री मुकेश केसवानी, निवासी- न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर,

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

जी ई रोड, बीआईटी कैम्पस, दुर्ग (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूको बैंक, शाखा- कवर्धा (छ.ग.) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है । ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि
1.	श्री जैनुल अंसारी पिता- मो. खलील अंसारी.	प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 685, आदित्य नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड, दुर्ग, शामिल क्षेत्रफल- 474.51 वर्गफीट । विक्रय विलेख सं. 4963, दिनांक 04.07.2007.	22.06.2023 / 04.11.2023	₹ 2,15,189.00 और उस पर ब्याज

दिनांक: 06.11.2023 स्थान- दुर्ग (छ.ग.) मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

एबसेन्टी वोटर्स के लिए 7 और 9 नवंबर को होम वोटिंग

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा द्वारा अनुपस्थित मतदाताओं (एबसेन्टी वोटर्स) 80 वर्ष की आयु से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग हेतु 07 और 09 नवम्बर की तिथि घोषित की गई है। मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभाओं के लिए कुल 11 रूट चिन्हांकित कर 11 मतदान दलों के टीम गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में 02 मतदान अधिकारी एवं 01 माइक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। उक्त मतदान दल एबसेन्टी वोटर्स को उनके घर अथवा निवास में जाकर मतपत्र द्वारा मतदान कराएंगे।

रबि फसलों के लिए दी गई जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी रबी फसलों की तैयारी के लिए कृषि विभाग द्वारा समसामयिक सलाह जारी की गई है। किसानों को वर्षा आधारित क्षेत्रों में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसलों- तिवड़ा, मसूर, बटरी, चना इत्यादि तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों, इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई करने की सलाह दी गई है। उतेरा फसल के लिए प्रायः अक्टूबर के आखिरी पखवाड़ा तक बुआई किया जाना अत्यंत आवश्यक रहता है, इस हेतु जिन खेतो में धान की मध्यम 120-125 दिन में पकने वाली किस्में जैसे महामाया, राजेश्री, दुर्गेश्वरी, एम.टी.यू. 1001; लगाई गयी है, उन्ही खेतो में उतेरा फसलों की बुआई करें। उतेरा फसल के लिए तिवड़ा की उपयुक्त प्रजाति महातिवड़ा एवं प्रतीक है। जिसका बीज दर 75-80 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। चना की उपयुक्त प्रजाति छ.ग. चना - 2, इंदिरा चना-1, छ.ग. लोचन चना एवं बीज दर 80-100 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। मसूर की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. मसूर - 1, आई.पी.एल- 316, आर. बी. एल. 31 एवं बीज दर 40-50 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। अलसी की उपयुक्त प्रजातियां आर.एल. सी. - 143, आर. एल. सी. - 153, इंदिरा अलसी - 32, छ.ग. इत्यादि है एवं बीज दर 20 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। सरसों की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. सरसों - 1, इंदिरा तोरिया - 1, पूसा बोल्ड, वरदान आदि है तथा बीज दर 5 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट. है। उक्त फसल किस्मों के प्रमाणित एवं उपचारित बीजों को धान की कटाई के 15 दिन पूर्व खड़ी फसल में पर्याप्त नमी होने की अवस्था में छिड़कवा बुआई करने की सलाह दी गई है।

नवागढ़ को बनाना है अपना घरः गुरु रूद्र

नवागढ/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रूद्रकुमार ने सोमवार को ग्रामीण अंचल में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कूरदा से जनसंपर्क की शुरुआत कर देवगांव,दाढ़ी,लालपुर,मड़ई,पचभैया,उमरिया, बेरा एवं कांपा में सघन जनसंपर्क कर पंद्रह साल से भ्रष्टाचार में डूबी रमन सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए गुरु रूद्र कुमार ने कहा कि किसान,युवा,महिलाओं के साथ भाजपा भाजपा सरकार ने अनदेखी करते हुए सिर्फ झूठ बोलते हुए छलावा ही किया है। कांग्रेस की भूपेश सरकार आने पर सभी किसानों का कर्जा माफ एवं बिजली बिल आधा करने के साथ ही युवाओं को रोजगार सहित क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने की बात करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पंजा छाप में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी लगातार जातिगत समीकरण के आधार पर मुझे अलग-अलग सीटों पर लड़ाती रही है, लेकिन अब मैं पार्टी को कह दिया है कि नवागढ़ को मुझे अपना घर बनाना है और यहां स्थाई रूप से जनसेवा करना है।

सांकरा में श्रवण मरकाम ने किया जनसंपर्क

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा नगरी के कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के प्रचार पर निकले नक्सल प्रभावित क्षेत्र रिसगांव, आमाबहार, ठेनही, अरसीकन्हार, तुमड़ीबहार, बेलरबाहर गांव में। गांव-गांव गली-गली खेत खलियान पर महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के उत्थान के लिए भाजपा की घोषणा को लेकर। भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के लिए मांगा गया वोट। महिला मोर्चा ने ग्रामीण महिलाओं को समझाया भाजपा सरकार द्वारा 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु धनराशि का आवंटन, ?500 में सिलेंडर देंगे, विवाहित महिलाओं को सालाना12000 देंगी। धान प्रति क्विंटल ?3100 में खरीदेगी, प्रति एकड़ 21 क्विंटल, बीपीएल बालिकाओं के जन्म पर रुपया 150000 का प्रमाण पत्र जानकारी गांव में महिलाओं को दिया गया।महिला मोर्चा निकले महिला सशक्तिकरण के लिए प्रचार पर विवाहित महिलाओं को मिलेगा सलाना 12000 रुपए जन सम्पर्क में भाजपा नेत्री प्रतिमा देवांगन, सुरजोतिन साहू, बेलरगांव महिला मोर्चा अध्यक्ष बबिता साहू, नगरी महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता साहू, लक्ष्मी ठाकरे, श्यामा भट्ट, सतरूपा एवं खेमिन पटेल थे।

जेल लोक अदालत में 3 प्रकरण निराकृत

धमतरी/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत के तहत आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनिल प्रभात मिंज की उपस्थिति में जिला जेल धमतरी में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10 प्रकरणों में से 3 प्रकरण निराकृत किए गए। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक श्री एन के डहरिया एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

दिव्यांग मातादाताओं को सुविधाओं की दी जानकारी

धमतरी/नावप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय, वार्डो, गली, मोहल्लें, स्कूल, कालेज, हाट-बाजार सहित अन्य भीड़ वाले स्थानों पर कर जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की इसी कड़ी में जिले के दिव्यांगजन भी एक कदम आगे आकर इस अभियान में अपनी सहभागिता निभा रहे है। दिव्यांग आईकॉन बसंत कुमार बिश्नोई और उनके साथियों ने घर-घर जाकर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर मतदान के लिए लोगो को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनो से मिलकर 17 नवंबर 2023 के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने कहा। साथ ही मतदान केंद्रों में दिव्यांग साथियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। अभियान में घनश्याम साहू, रोहित कुमार साहू, दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष बिश्नोई ने अपनी सहभागिता निभाई।

कलेक्टर ने निर्वाचन हेतु प्रशासन और पुलिस की ली संयुक्त बैठक

जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान की तैयारी पूर्ण कर लें - कलेक्टर

खैरागढ़। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु जिले के सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। प्रशासन और पुलिस के नोडल अधिकारियों ने उपस्थित होकर तैयारी की पूरी जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित हुए। जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान की तैयारी पूर्ण कर लें - कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारियों और नोडल की बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान की तैयारी पूर्ण कर लें। आगे कहा कि तैयारी में कहीं पर कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्वाचन में मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, कानून व्यवस्था, व्यय निगरानी, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, आबकारी सहित अन्य नोडल अधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि कहीं पर कोई समस्या हो तो अभी बताएं, समय रहते उसका उचित समाधान किया जाएगा।

इस पर उपस्थित अधिकारी और नोडल ने बारी बारी से निर्वाचन की तैयारी की जानकारी कलेक्टर के समक्ष समीक्षा बैठक में रखी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर अधिकारी मतदान उपरांत शीघ्र दल वापसी की तैयारी कर लेंगे। वापसी में कोई विलंब नहीं होना चाहिए। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी हुए उपस्थित बैठक में अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, रिटर्निंग अधिकारी प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, परियोजना निदेशक जितेंद्र साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, प्रशांत खंडे, थानेदार राजेश देवदास, ईई ललित तिर्की, जिला शिक्षा अधिकारी एफ्राहार कोसरिया, नोडल रघुराज सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी विवेक बिसेन सहित प्रशासन और पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महानदी के तट पर मनी मतदाता जागरूकता दिवाली

कम मतदान प्रतिशत क्षेत्र जैतपुर में दीप जलाकर मतदान का दिया संदेश

भटगांव। 06 नवम्बर 2023/ विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने व लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में बिलाईगढ़ विधानसभा के कम मतदान प्रतिशत क्षेत्र जैतपुर के महानदी किनारे मनाया गया मतदाता जागरूकता दीपावली। इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सिद्दीकी, स्वीप नोडल श्री हरिशंकर चौहान एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों कर्मचारियों संग स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं युवाओं द्वारा द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। स्वीप दीपोत्सव के इस कार्यक्रम में ''सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर'' का नारा लगाया गया। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं एवं महिला मतदाताओं ने निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प भी लिया।

दीपदान से परिवेश उजियारा और मतदान से लोकतंत्र उजियारा

मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत रविवार की शाम को महानदी में दीपदान कर परिवेश को उजियारा किया गया और मतदान से लोकतंत्र को उजियारा करने, मतदाता के एक-एक निष्पक्ष वोट से लोकतंत्र मजबूत करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर दीप जलाकर आकाश दीया गुब्बारे छोड़े गये। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन तथा स्वीप के नोडल अधिकारी श्री हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूह, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

ईवीएम, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रक्रिया शुरु

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार द्वितीय रेण्डमाईजेशन के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त बीयू, सीयू एवं वीवीपेट को कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में अंतिम रूप से मतदान केन्द्रों के लिए तैयार किया जा रहा है। गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में शुरु हुई कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल उपस्थित रहे। कमीशनिंग की प्रक्रिया सुबह 9 से 1 बजे तक एवं 2 बजे से शाम 7 बजे तक की गई। सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया 07 नवम्बर तक चलेगी। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। पिंक पेपर सील पर अभ्यर्थी अथवा उसके प्रतिनिधि तथा ईसीआईएल के इंजीनियर ने अपने हस्ताक्षर किये। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को साथ जोड़ा गया। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफ़रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई।

गरियाबंद जेल में लोक अदालत का आयोजित

गरियाबंद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देश पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों एवं राजिम एवं देवभोग के न्यायालयों में 05 नवम्बर रविवार को ÷राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत÷ का आयोजन किया गया था। उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 01 न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद प्रशान्त कुमार देवांगन का गठन किया गया था। तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त जेल लोक अदालत हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद प्रशान्त कुमार देवांगन की गठित खण्डपीठ में जेल लोक अदालत में निराकृत योग्य लंबित प्रकरण 04, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद की 01 प्रकरण, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजिम की 01 प्रकरण, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी देवभोग की 02 प्रकरण, कुल 08 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें कुल 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व न्यायालय मैनपुर से लोक अदालत में निराकृत योग्य लंबित 02 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें सभी प्रकरणों का निराकरण किया गया। तालुका

अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी एवं सचिव प्रवीण कुमार मिश्रा के द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा जेल लोक अदालत को सफल बनाने में खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारियों, अधिवक्ता सदस्यगण और राजस्व अधिकारियों तथा जेल विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पैरा लिगल वालेन्टियर का सराहनीय योगदान रहा।

लोक अदालत में मौके पर एक मामले का निपटान

खैरागढ़। उप जेल खैरागढ़ में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। एडीजे और जेएमएफसी के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के और अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार उप जेल खैरागढ़ में दिनांक 05.11.2023 को ÷राज्य स्तरीय जेल लोक अदालत का आयोजन हुआ जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप और गुरु प्रसाद देवांगन जेएमएफसी खैरागढ़, खैरागढ़ जेल में उपस्थित हुए एवं छ.ग. उच्च न्यायालय द्वारा संचालित निर्देशानुसार जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया, उपरोक्त न्यायालय के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया। जिसमें से 01 मुकदमे का मौके पर ही निपटान

किया गया जिसमें जेएमएफसी कोर्ट 01, कुल 01 प्रकरण इस जेल लोक अदालत में सफलतापूर्वक निपटे। आगे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना एक आवेदन तालुक्र विधिक सेवा समिति में द्वारा द्वारा जेल अधीक्षक के माध्यम से समिति में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से आप को आप के केस में पैरवी करने हेतु अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाता है। साथ ही ई कोर्ट एप के संबंध में बताया कि ई कोर्ट एप के माध्यम से आप अपने कैसे की जानकारी कहीं भी और कभी भी जान सकते हैं। आगे अध्यक्ष/न्यायाधीश तालुक्र धिक सेवा समिति खैरागढ़ द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया और उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया और रहने स्वास्थ्य केंद्र एवं पाकशाला का निरीक्षण किया गया और पूरे जेल का भी भ्रमण किया। और यहां की व्यवस्था को और सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव और दिशानिर्देश दिए। उक्त जेल लोक अदालत में पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, प्रस्त्र श्रीवास्तव, ,जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे उप जेल खैरागढ़, एवं सिपाही यशवंत कुमार नायक, प्रेम सागर साहू, प्रकाश कुर्रे,चुरामन प्रसाद कुर्रे, सोहन साहू उपस्थित रहे।

होम वोटिंग कराने घर-घर पहुंचेंगे मतदान दल

238 बुजुर्ग एवं 51 दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर कराएंगे मतदान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोई भी मतदाता मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर में मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत जिले में होम वोटिंग कराने मतदान दल का पहला भ्रमण 7 नवम्बर 2023 को होगा। पहले भ्रमण में छूटे हुए मतदाताओं के लिए 8 नवम्बर को द्वितीय भ्रमण होगा। जिले के 289 मतदाताओं ने फार्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर होम वोटिंग की सुविधा ली है जिसमे 80 वर्ष से अधिक आयु के 238 एवं 51 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है।जिले में बूथ लेवल अधिकारियों से सर्वे कराया गया है। सर्वे में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं से आवेदन फॉर्म 12 घ में प्राप्त किए गए है। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हुए इन श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा।

विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया गया है जिससे मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में उपलब्ध नहीं है, तो अगले दिन सूचना देकर मतदान दल द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान कर दी गई है जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि व बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 49 तथा 10 दिव्यांग मतदाता कुल 59 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा।

मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लाईवलीहुड कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लाईवलीहुड कॉलेज के विद्यार्थीगण भाग लेकर लोगों को अपना मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया। प्रतिभागियों ने मतदान पर अपने अपने विचार रखें। साथ ही निष्पक्ष और लोभ - भय से मुक्त होकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव ने पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदान से संबंधी नारे भी लगाये। साथ ही मतदान के लिए संकल्प भी लिया। कॉलेज विद्यार्थियों ने कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में आस्था रखने वाले शपथ लेते है, कि देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतान्त्रिक परम्पराओं को बरकरार रखेंगे। चुनाव में जाति, धर्म, नस्ल, भाषा, समुदाय के आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करेंगे। देश के नागरिक होने के नाते लोकतंत्र की आस्था बचाए रखना आवश्यक है। इसी क्रम में बताया कि सभी मतदाता 17 नवंबर को मतदान दिवस के दिन अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें।

मतदान आज, संवेदनशील क्षेत्रों में 8 से 3 बजे तक होगा मतदान

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 07 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड कवर्धा में सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित है।

इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए 804 मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अजय कुमार गुप्ता, पुलिस प्रेक्षक राजेश खुराना, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने मतदान वितरण कार्यो और व्यवस्था का जायजा लिया। पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवं प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके बाद मतदान दल को सामग्री का वितरण प्रारंभ किया गया। सभी कार्यो का वीडियोग्राफी कराई गई है।

मतदान सामग्री वितरण के लिए कुल 20 काउंटर बनाए गए थे। विधानसभा पंडरिया के लिए 10 काउंटर और कवर्धा के लिए 10 काउंटर बनाए गए थे। विधानसभा पंडरिया के लिए 1 काउंटर से 10 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया गया। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक काउंटर में 21 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया गया। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 393 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 98 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 411 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 103 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। दोनो विधानसभा क्षेत्र के लिए 11 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है। इसमें विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के लिए 8 और विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के लिए 3 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है। दोनो विधानसभा क्षेत्र के 804 मतदान दलों के मतदान केंद्र पहुंचने के लिए 187 रूट बनाए गए है। पंडरिया के 393 मतदान दल के लिए 90 रूट और कवर्धा के 411 मतदान दल के लिए 97 रूट बनाए गए है।

जिले में कुल 804 मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों में 20 मतदान केंद्र संगवारी मतदान केंद्र है। इसमें पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगी। दोनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में सभी युवा अधिकारी होंगे।

कबीरधाम जिले में 02 विधानसभा क्षेत्र है क्रमशः विधानसभा-71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा है। जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 47 हजार 549 है। जिसमें 3 लाख 22 हजार 336 पुरुष मतदाता, 3 लाख 25 हजार 210 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता है।

पहले चरण की हाई प्रोफाइल सीटों पर दिग्गजों की साख दांव पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों के लिए आज सात नवंबर को होने वाले मतदान में पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह समेत उनके कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों और भूपेश सरकार के तीन मंत्रियों व एक सांसद व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की साख दांव पर है। प्रथम चरण में कुल 223 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 198 पुरुष व 25 महिलाएं हैं।

रमन सिंह | मो. अकबर | कवासी लखमा | दीपक बैज | केदार कश्यप | मोहन मरकाम | महेश गागड़ा | नीलकंठ टेकाम

नारायणपुर

अभी इस सीट पर चंदन कश्यप मौजूदा वर्तमान विधायक हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में चंदन कश्यप ने भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री केदार कश्यप को महज 2647 मतों से हराया था।

2023 के विधानसभा चुनाव में भी इन दोनों के बीच कड़ी टक्कर होगी।

कोंडागांव

बस्तर संभाग के इस आदिवासी बाहुल्य निर्वाचन क्षेत्र वर्तमान मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के पास है। मोहन मरकाम यहां से 2013 और 2018 में जीत दर्ज कर चुके हैं। मरकाम ने भाजपा की पूर्व मंत्री लता उसेंडी को 1796 वोटों से मात दी थी। इस बार भी दोनों दिग्गज एक-दूसरे को चुनौती देंगे।

बीजापुर

बीजापुर में पिछले कई चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ही मुकाबले में रहे हैं। 2018 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी और पूर्व महेश गागड़ा व कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम मंडावी आमने सामने थे। कांग्रेस की लहर में विक्रम मंडावी 21584 वोटों के भारी अंतर से चुनाव जीत गए। इस बार भी कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने उम्मीदवारों पर भरोसा जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है।

अंतागढ़

नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में स्थित अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित अंतागढ़ विधानसभा सीट विधायक अनूप नाग के पास है। लेकिन इस बार कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर अनूप नाग ने निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 2018 में अनूप नाग ने भाजपा के विक्रम उसेंडी को हराया था। भाजपा ने विक्रम उसेंडी को तो कांग्रेस ने रूप सिंह पोटाई को मैदान में उतारा है। ऐसे में यहां लड़ाई त्रिकोणीय हो सकती है।

दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा सीट बस्तर संभाग में आती है। महेंद्र कर्मा की परंपरागत दंतेवाड़ा सीट पर बेटे छविंद्र कर्मा पहली बार चुनावी मैदान में हैं। विधायक देवती कर्मा ने उनके लिए सीट छोड़ी है। इधर, भाजपा ने जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी को टिकट दी है, जो क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं।

कोंटा

सुकमा जिले का कोंटा विधानसभा सीटा कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस राज्?य गठन के बाद से लगातार यहां से चुनाव जीतती आ रही है। भूपेश सरकार के मंत्री कवासी लखमा कोंटा से निर्वाचित हो रहे हैं। 2018 में लखमा ने भाजपा के धनीराम बरसे को हराया था। इस बार लखमा का मुकाबला भाजपा के सोयम मुका से है।

चित्रकोट

चित्रकोट सीट पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज के विरुद्ध भाजपा ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनायक गोयल को मैदान में उतारा है। प्रदेश अध्यक्ष के लिए आसान सीट पर गुटबाजी से अब यहां कांटे की टक्कर है। 2018 में दीपक बैज ने भाजपा के लच्छूराम कश्यप को मात दी थी।

केशकाल

कोंडागांव जिले में आने वाली इस सीट से कांग्रेस से विधानसभा उपाध्यक्ष व दो बार के विधायक संतराम नेताम और भाजपा से भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी से त्यागपत्र देकर राजनीति में कदम रखने वाले नीलकंठ टेकाम प्रत्याशी हैं। यहां 2013 से लगातार कांग्रेस का कब्जा है।

राजनांदगांव

राजनांदगांव विधानसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का दबदबा रहा है। रमन सिंह यहां से छह बार विधायक रहे हैं। इन्होंने 2008 से तीन बार जीत हासिल की है। 2018 में कांग्रेस ने करुणा शुक्ला को मैदान में उतारा। लेकिन चुनाव तो नहीं जीत पाईं, लेकिन डा. रमन सिंह को कड़ी चुनौती दी। इस बार रमन सिंह का मुकाबला कांग्रेस के गिरीश देवांगन से होगा।

कवर्धा

कवर्धा विधानसभा सीट पर ओबीसी समुदाय साहू समाज का वर्चस्व रहा है। हालांकि इस सीट पर वर्तमान विधायक मो. अकबर हैं, जिन्होंने 2018 के चुनाव में प्रतिद्वंदी भाजपा के अशोक साहू को हराया था। इस बार भाजपा ने यहां प्रदेश महामंत्री व भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा को टिकट दे दिया है। कांग्रेस से एक बार फि र मो. अकबर को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने इस सीट पर प्रत्याशी बदल दिया है।

मिरतुर में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के खिलाफ लगे नारे

जगदलपुर/रायपुर/नवप्रदेश। प्रचार करने पहुंचे पूर्व मंत्री को भगाने की कोशिश किये जाने की खबर है। नाराज लोगों ने बीजापुर में महेश गागड़ा वापस जाओ के नारे भी लगाए। इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपाई बोले- कांग्रेसियों ने महिला से बदसलूकी की थी। छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग की 2 अलग-अलग विधानसभा सीटों में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच जमकर बवाल हुआ। बीजापुर में पूर्व मंत्री और भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव से भगाने की कोशिश की। इधर, नारायणपुर विधानसभा में कांग्रेस और

भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। रविवार की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भाजपा के नेताओं का आरोप है कि यहां कांग्रेस के नेताओं ने महिलाओं से बदसलुकी की थी इसलिए लोग नाराज़ थे।

महादेव एप में कांग्रेस का नया खुलासा, बृजमोहन अग्रवाल की गाड़ी से ईडी द्वारा रकम जप्त का दावा

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी ही भाजपा है और भाजपा ही ईडी है। भाजपा की केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता तथा ईडी ने मिलकर छत्तीसगढ़ के चुनावों से जनता का ध्यान भटकाने प्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का षड़यंत्र रचा है। भाजपा के कार्यकर्ता के बयान पर ईडी आरोप लगाती है भाजपा नेता के भाई की गाड़ी से कैश जप्त होता है, भाजपा अपने दफ्तर से वीडियो जारी करती है यह रिश्ता क्या कहलाता है?

क्रोनोलॉजी समझिये

ईडी एक ड्राइवर (कैश कुरियर) को पकड़ती है उसके बयान के आधार पर प्रेस नोट जारी करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर महादेव एप्प से 508 करोड़ रू. लेने का आरोप लगाती है। फिर इसी के संदर्भ में ईडी महादेव एप्प के एक कर्मचारी शुभम सोनी का एक सपोर्टिंग मेल का हवाला देकर इस आरोप की पुष्टि करवाती है। दूसरे दिन भाजपा के कार्यालय से एक वीडियो जारी होता है जिसमें एक शुभम सोनी नाम का व्यक्ति खुद को महादेव एप्प का मालिक घोषित करता है तथा अभी तक महादेव एप्प के चर्चित मालिक सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल को कर्मचारी बताता है।

सवाल यह खड़ा होता है-

- शुभम सोनी के इस वीडियो को भारतीय जनता पार्टी ने क्यों रिलीज किया? भाजपा के पास कहां से आया? यदि यह वीडियो शुभम सोनी ने भाजपा को भेजा है तो उसने भाजपा को ही क्यों भेजा, इनके क्या संबंध है? ईडी इसकी जांच करें भाजपा के पास यह कहां से आया?
- अगर ईडी के पास साक्ष्य आया तो एजेंसी को उसकी पुष्टि करना चाहिये या उसकी जांच किये बिना सार्वजनिक करके किसी की छवि खराब करने का प्रयास करना चाहिये।
- ईडी ने ड्राइवर असीम दास के बयान की बिना जांच किये मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के उद्देश्य से प्रेस नोट जारी किया यह सब इसलिये किया गया ताकि चुनाव में बुरी तरह पराजित हो रही भाजपा की मदद की जा सके। जबकि प्रेस नोट में ही लिखा है कि ''अभी जांच होनी है।''
- एक सटोरिया वीडियो बना कर कुछ भी बोल देगा भाजपा, ईडी उसको प्रचारित कर रही है यह इनकी नीयत को बताती है।
- यह सारी साजिश चुनाव के मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाया जा सके।
- ईडी महीनों से 'महादेव एप्प' की जांच कर रही है। वह दो दिन पहले तक शुभम सोनी को मैनेजर बता रही थी जबकि सोनी खुद को मालिक बता रहा है। तो सच क्या है?
- ईडी के वकील सौरभ पांडे ने एक टीवी चैनल से कहा है कि कूरियर दुबई से सीधे पैसे लेकर आया तो सवाल है कि दुबई में भारतीय मुद्रा कैसे हासिल हुई? दूसरा अगर वह दुबई से लेकर आया है तो रास्ते में कहीं जांच क्यों नहीं हुई? छत्तीसगढ़ में जगह-जगह जांच हो रही है। वह किस रास्ते से आया और रास्ते में उसे पकड़ा क्यों नहीं गया?
- एक समाचार वेबसाइट ने पड़ोसियों के बयान के आधार पर विस्तार से बताया है कैसे एक सूने घर में कुछ लोग पैसा रखकर गए। ये कुछ लोग कौन थे?

भाजपा नेता की इनोवा से कैश जप्त

ईडी ने एक काले कलर की इनोवा कार से भी कैश जप्त किया था जो होटल के बेसमेंट में खड़ी थी। इस ब्लैक कार का नंबर CG VW क्र. 6300 है इसका रजिस्ट्रेशन कोरबा जिले का है। आरटीओ में यह कार सनफ्लावर हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड (बृजमोहन अग्रवाल) के नाम पर रजिस्टर्ड है, (इस कंपनी के मालिक बृजमोहन अग्रवाल है जो बिलासपुर के पूर्व विधायक और भाजपा शासन में मंत्री रहे अमर अग्रवाल के भाई है। बृजमोहन अग्रवाल बिलासपुर में बिल्डर है।)

कांग्रेस ने बीजेपी के घोषणा पत्र की शिकायत की

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने बीजेपी के घोषणा पत्र पर भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, माता सीता और श्री हनुमान जी के स्केच चित्र को हटाये जाने का आदेश प्रदान करने बाबत। शिकायत में कहा गया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में आचार संहिता लागू है। ऐसी स्थिति में बीजेपी की घोषणा पत्र, छत्तीसगढ़ के लिये, मोदी की गारंटी 2023 के शीर्षक पृष्ठ 3 पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित लेख के उपर दर्शित भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, माता सीता और श्री हनुमान जी को स्केच चित्र के आधार पर नेत्रहीन दिखाया गया है। साथ ही उक्त घोषणा पत्र के 33 वें पृष्ठ में मंदिर की फोटो दर्शित है। जिस पर इंडियन नेशनल कांग्रेस की घोर आपत्ति है। हम सब के आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम जिन्हें हम आदर्श के साथ और श्रद्धा से कमल नयन भी कहते है ऐसी स्थिति में बीजेपी के घोषणा पत्र में भगवान श्री राम जी को नेत्रहीन दिखाया जाना हम सब के आस्था के विरूद्ध है और आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। जिसे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उक्त को तत्काल हटाये जाने का आदेश प्रदान करने की आवश्यकता है। अतः निवेदन है कि बीजेपी के घोषणा पत्र में भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, माता सीता और श्री हनुमान जी की स्केच चित्र और पृष्ठ 33 वें में दर्शित मंदिर की फोटो को तत्काल हटाया जाये और बीजेपी के विरूद्ध समुचित कार्यवाही किया जाये। उक्त कार्यवाही के संबंध में अवगत कराये जाने की कृपा करें।

ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन, नंद कुमार पटेल, कहकसा दानी, महेन्द्र देवांगन, राम शंकर सोनकर, रमेश शर्मा, ललित कुमार सोनी, सलीम खान, सादिक अली, मनोज सोनकर, अंकित कुमार मिश्रा, विजय कुमार राठौर, बंटी पटेल उपस्थित थे।

कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू : नड्डा

जशपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जशपुर में बोले जहां कांग्रेस वहां घोटाले होंगे। देश में पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमन वेल्थ का घोटाला, मनरेगा में भी घोटाला कांग्रेस के समय में हुआ था। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट की गारंटी है।

कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। नड्डा आगे बोले भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ में 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला, पांच हजार करोड़ का चावल घोटाला, 540 करोड़ का कोयला घोटाला, 13 सौ करोड़ का गौठान घोटाला किया गया। आज इनके कई अफसर जेल में बंद हैं। जेपी नड्डा ने ये बातें जशपुर की सभा के दौरान कही। मैं कांग्रेस और उसके प्रत्याशियों को चैलेंज करता हूं। पत्थलगांव में किसी ने विकास की एक ईंट लगाई है तो बताए। यहां विकास सिर्फ भाजपा कार्यकाल में हुआ। कांग्रेस का मलतब है ?अत्याचार, अनाचार, करप्शन, धोखा और परिवारवाद।

भाजपा का सर्व समावेशी संकल्प पत्र कांग्रेस की सत्ता से विदाई का दस्तावेज : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अनसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को लूटा और छला है। कांग्रेस के शासनकाल में बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता नदियों में बहाया गया और आंध्र व ओड़िशा के ठेकेदारों को औने-पौने दाम पर बेचा गया। प्रदेश की भूपेश सरकार ने आदिवासियों के हरे सोने को काला सोना बनाकर रख दिया। श्री मरकाम ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन ने छत्तीसगढ़ को फिर बदहाली के मुकाम पर ला खड़ा किया है। अब चूँकि विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं, इसलिए भाजपा ने विकास के संकल्प के साथ अपना घोषणा पत्र जारी किया है। जनजातीय क्षेत्रों में भाजपा ने सबसे अहम संकल्प यह व्यक्त किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तेंदूपत्ता संग्राहकों को

4,500 रुपए बोनस और चरणपादुका के साथ-साथ वे सारी सुविधाएँ फिर से मुहैया कराई जाएंगी, जो भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के कार्यकाल में दी जा रही थीं और कांग्रेस की आदिवासी विरोधी सरकार ने जिन्हें बंद कर दिया था।

छत्तीसगढ़ के चुनाव में महादेव लेंगे हिसाब : सरमा

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बिलासपुर में कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे अनएम्प्लॉयड लड़का-लड़की जीवन में नहीं देखा। उनकी गारंटी खुद उनकी मां नहीं ले सकती, तो बाकी कौन भरोसा करेगा। उनके पास कोई काम-धंधा नहीं है, केवल घूमते रहते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में महादेव अपना हिसाब लेंगे। तखतपुर विधानसभा सीट के सकरी में चुनावी सभा लेने आए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोले- राहुल और प्रियंका गांधी देश में प्लेन में घूमते रहते हैं और बोलते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हवाई जहाज में क्यों घूमते हैं। थोड़े दिन पहले उज्बेगिस्तान से घुमकर आए हैं, जहां बाबर का जन्म हुआ था। देश में लोग राम जन्मभूमि जा रहे हैं तो राहुल बाबर

जन्मभूमि जाकर आ रहे हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने महादेव सट्टा ऐप पर बयान देते हुए कहा कि पहली बार यह सुनने में आया है कि महादेव के नाम पर भी लूट किया गया है। अगर लूटना ही था तो महादेव के नाम का अपमान क्यों किया गया। एप को बघेल या हिमंता के नाम कर देते। लेकिन, उनके नाम का ऐप बनाकर महादेव को बदनाम कर दिया। छत्तीसगढ़ के लोग महादेव के भक्त हैं और चुनाव के पहले महादेव के भक्त हिसाब लेंगे। महादेव चुनाव के बाद अपना हिसाब लेंगे।

बीजेपी ने की मुख्य निर्वाचन अधिकारी से एसएसपी की शिकायत

महादेव बेटिंग एप के संचालक के वीडियो से बताया सीएम बघेल और एसएसपी की संलिप्तता

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, निर्वाचन समिति संयोजक डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से शिकायत करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल की महादेव बेटिंग (सट्टेबाजी) एप में संलिप्तता एक वीडियो के माध्यम से उजागर होने पर छत्तीसगढ़ में निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होने की पूरी आशंका सही सबित हुई।

साथ ही उनसे जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को तत्काल हटाये जाने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने पत्रकारों से

चर्चा करते हुए बताया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला पलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल की महादेव बेटिंग (सट्टेबाजी) एप में संलिप्तता उजागर हो गया है। रविवार को वेब न्यूज पोर्टल डेली हंट में शुभम सोनी नामक एक व्यक्ति की खबर प्रसरित हुई जिसके अनुसार शुभम सोनी द्वारा स्वयं को उक्त एप का मालिक बताते हुए छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल को उक्त एप के संचालन का नियंत्रण रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के माध्यम से किया जाना तथा कई बार हस्ते/ प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी धन राशि वसूल करने की बात एक वायरल वीडियो के द्वारा उजागर की गई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जो लोग देश के नियमक़्क़ायदे को दर किनार करके रखने वाले, जो राजनीतिक दलों के लोगों से प्रभावित होने वाले लोग हैं, इन लोगों के हम खिलाफ हैं। मुझे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर रीना साहेब कंगाले ने विश्वास दिलाया है कि वे इस मामले में कड़ाई के साथ काम करेंगे। मैं अभी बात करके कल से इसकी व्यवस्था करूंगी। उल्लेखनीय है कि महादेव एप एक अवैध बेटिंग (सट्टेबाजी) एप के जरिये जनता से उसकी परिश्रम की कमाई लूटकर व्यापक मात्रा में धन की हेरी फेरी हो रही थी। महादेव एप प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा पूर्व से एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। उपरोक्त खबर के अनुसार छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल इस संगठित अपराध में सीधे संबंधित पाए गए हैं। उक्त घटना यह स्पष्ट करती है कि उनकी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से उपरोक्त प्रकति के संबंध रहे हैं। इस स्थिति में रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा चुनाव में निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। पूर्व में उनके द्वारा चुनाव कार्य में पक्षपात पूर्ण कार्य करने की शिकायतें को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से की गई थी।

भरोसे का घोषणा पत्र के हर वादे को पूरा करेंगे : शैलेश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी अपने जनआशीर्वाद कार्यक्रम के माध्यम से लगातार विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर वोट मांग रहे हैं। इस क्रम में शैलेश नितिन त्रिवेदी ने तिल्दा नेवरा क्षेत्र में जनसम्पर्क किया। उन्होंने सबसे पहले तिल्दा नगर के राधा स्वामी सत्संग में जाकर लोगों से मिले उसके पश्चात तिल्दा चर्च सब्जी मंडी में व्यापारियों एवम उभोक्ताओ से मुलाकात कर ग्राम बहेसर, सेंचुरी, बैकुंठ, कुंदरू, जलसों, नकटी, कोनारी, बरतोरी सिरवे, तुलसी, निरंकारी भवन, सिंधी धर्मशाला में जाकर लोगों से मुलाकात कर आज जारी हुए कांग्रेस पार्टी के भरोसे का घोषणा पत्र के आधार पर समर्थन मांगा उन्होंने लोगों से कहा कि जिस प्रकार हमने पिछले चुनावों में 2500 रुपये में धान की खरीदी की बात कही थी। किसानों के बकाया कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ, की बात की

थी और उसे पूरा भी किया ठीक उसी प्रकार हमारी सरकार बनने पर हम 200 यूनिट बिजली की खपत फ्री करेंगे गैस के सिलेंडर के दामो में 500 रुपये की छूट भी देंगे 3200 रुपये प्रति क्विंटल में 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी करेंगे। प्रदेश की भूपेश सरकार में पहले भी सभी वर्गों का ध्यान रखा गया था आगे भी हम इन सारी घोषणाओं को पूरा करेंगे ये कांग्रेस पार्टी का वादा है।

महिला टीम ने तीसरा रजत पदक जीता

मुंबई। भारतीय रग्बी महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी के पिछले तीन संस्करणों में तीसरी बार रजत पदक जीता है। एक साहसिक प्रयास में, भारतीय महिलाएं 3-4 नवंबर को कतर के दोहा में ओनाज़िया ट्रेनिंग पिच पर आयोजित फाइनल में यूएई से हार गईं।

भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी में लगातार तीन रजत पदक महिला टीम के लिए एक सराहनीय परिणाम है। यह पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और खिलाड़ियों के मार्ग का एक प्रमाण है जो हमें इस तरह की क्षमता के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देता है। इस संस्करण में 5वें स्थान पर आने के लिए पुरुष टीम को भी बधाई, जो पिछले साल 9वें स्थान पर रहने को देखते हुए उल्लेखनीय है। हम एशिया में शीर्ष टीमों के बीच अपनी जगह बनाने के लिए दृढ़ रहेंगे।

अनुभवी वाहबिज भरूचा के नेतृत्व में, भारतीय टीम ने शानदार कौशल के साथ खेला और फाइनल के पहले हाफ में यूएई को रोके रखा, क्योंकि शिखा यादव की शानदार कोशिश के बाद वे सिर्फ 2 अंकों से पीछे रह गए। यूएई का दबदबा कायम रहा और उन्होंने दूसरे हाफ में भारतीय रक्षापंक्ति में सेंध लगाकर अंतर को बढ़ाया और कुल 19 अंक हासिल किए।

फाइनल में टीम का सफर काफी आरामदायक था क्योंकि उन्होंने सेमीफाइनल में ईरान को 34-0 के बड़े अंतर से हराया और गुआम को 14-7 और मंगोलिया को 36-0 से हराकर अपनी तालिका में शीर्ष पर जगह बनाई। कप्तान भरूचा ने कहा, यह टीम के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है और हम यह जानकर घर आएंगे कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इससे पहले दिन में, पुरुष टीम 5वें-6वें स्थान के मैच में कतर को हराकर पांचवें स्थान पर रही। भारत ने शानदार वापसी की और मोहित खत्री ने मैच के आखिरी मिनट में प्रयास पूरा किया और 5वां स्थान हासिल किया, हालांकि कतर जीत से बहुत करीब था।

प्रिंस खत्री की अगुवाई वाली टीम को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा और उन्होंने मजबूत शुरुआत करते हुए इराक को 47-0 से हरा दिया। अगले ड्रा में अफगानिस्तान से 5-7 से मामूली अंतर से हारने से वे बाउल कप की दौड़ में शामिल हो गए, जहां बाद में उन्होंने उज्बेकिस्तान को 24-7 से हराकर कतर के खिलाफ मैच के लिए खुद को तैयार कर लिया।

न्यूजीलैंड को लगा झटका, मैट हेनरी बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। कीवी टीम के तेज गेंदबाज मैट हेनरी बचे हुए विश्व कप से बाहर हो गए हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है। उनकी जगह पर काइल जैमिसन को दल में शामिल कर लिया गया है।बता दें कि हेनरी को 1 नवंबर को पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी।

पुणे में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हेनरी की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।वह अपने छठे ओवर के बीच में ही मैदान छोड़कर चले गए थे। हालांकि, वह 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी दी है कि उनकी चोट ग्रेड-2 स्तर की है।उन्होंने इस विश्व कप में 7 मैचों में 28.63 की औसत के साथ 11 विकेट अपने नाम किए थे।

हेनरी को चोट से वापसी करने में कम से कम 2 से 4 सप्ताह का समय लगेगा।टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा, मैट लंबे समय से हमारी वनडे टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और इस टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचते-पहुंचते उन्हें बाहर होते देखना बेहद निराशाजनक है। पिछले कुछ सालों वह आईसीसी के शीर्ष 10 गेंदबाजों में बने हुए हैं, जो उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। जैमिसन बीते 2 नवंबर की रात को बेंगलुरु पहुंच चुके हैं, जहां पर न्यूजीलैंड को अगला मैच खेलना है।कोच स्टीड ने जैमिसन को दल में शामिल करने पर कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास काइल जैसी खिलाड़ी मौजूद हैं। वह गेंदबाजी से हमेशा खतरा पैदा करते हैं और यह अच्छी बात है कि वह टूर्नामेंट के पहले 2 हफ्तों में हमारे साथ ट्रेनिंग कर रहे थे।

न्यूजीलैंड की टीम चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है।टीम के नियमित कप्तान केन विलियमसन चोट के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके थे। उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम टीम की कप्तानी कर रहे हैं।तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी अनफिट हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए थे। ऑलराउंडर नीशम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। न्यूजीलैंड ने अपने 7 में से 4 मैच जीते हैं और फिलहाल कीवी टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान और 9 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ लीग स्टेज के अपने बचे हुए मैच खेलने हैं।

सीएबी अध्यक्ष ने कोहली के जन्मदिन पर सोने की परत वाला बल्ला उपहार में दिया

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने भारत के बल्लेबाज विराट कोहली को उनके जन्मदिन के अवसर पर सोने की परत वाला बल्ला भेंट किया। कोहली ने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाकर अपने जन्मदिन का पूरा फायदा उठाया और सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की, जो वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा है। सीएबी ने बताया कि सीएबी प्रमुख ने कोहली को जो बल्ला दिया, जिस पर हैप्पी बर्थडे विराट लिखा हुआ था। इसके नीचे लिखा था, आप समर्पण के प्रतीक हैं और इस बात का जीता-जागता सबूत हैं कि उम्र सिर्फ एक संख्या मात्र है। विराट ने ब्लू आइसिंग के साथ डार्क चॉकलेट केक के ऊपर विशेष रूप से विराट कोहली की प्रतिमा वाला एक विशाल केक भी काटा। कोहली ने अपना जन्मदिन शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के साथ मनाया और उन्होंने 121 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाकर अपना 49वां एकदिवसीय शतक बनाया।कोहली ने केवल 277 पारियों में अपना 49वां शतक पूरा किया, जो तेंदुलकर के 451 से काफी कम है।कोहली के पास अब 2023 विश्व कप में दो शतक हैं और अब तक आठ लीग खेलों में चार अर्धशतक हैं। वह टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके 543 रन 108.60 के औसत और 88.29 के स्ट्राइक रेट से हैं।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने दिमित्रोव को हराकर 40वां मास्टर्स 1000 खिताब जीता

पेरिस। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को आसानी से हराकर पेरिस मास्टर्स में रिकॉर्ड सातवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। जोकोविच ने 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और रविवार को 40 मास्टर्स 1000 क्राउन जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, इस जीत का मतलब है कि विश्व का नंबर 1 सर्बियाई खिलाड़ी अब 18 मैचों की जीत की लय के साथ सीजन के अंत में एटीपी फाइनल में अपनी जगह बनाएगा, जो विंबलडन फाइनल में कार्लोस अल्कराज से हार के बाद आई है। जोकोविच ने कहा, यह सप्ताह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। हार के बाद वापसी करना आसान नहीं था। पेरिस ट्रॉफी जीतकर जोकोविच ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में स्पैनियार्ड पर अपनी बढ़त 1490 अंक तक बढ़ा दी। जिससे यह संभावना है कि वह रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 सम्मान का दावा करेंगे।

रोहित ने एक डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की

कोलकाता। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक वनडे छक्के लगाने के दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रोहित ने इस विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया था, जो अब 2019 में 56 छक्कों के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं।36 वर्षीय खिलाड़ी ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 23 पारियां लीं और डिविलियर्स से पांच पारियां अधिक लीं।रोहित ने अपनी 40 रन की पारी के दौरान लुंगी एनगिडी पर दो छक्के लगाए और छठे ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर तेम्बा बावुमा को कैच देने से पहले 58 छक्कों का आंकड़ा छू लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने बहुत अच्छी शुरुआत की, रोहित ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज पर हमला किया, उन्हें मैदान के चारों ओर मारा और भारत ने 4.3 ओवर में पचास रन बनाए।भारत ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 91 रन बनाए। यह दक्षिण अफ्रीका द्वारा टूर्नामेंट में पहले 10 ओवरों में दिए गए दूसरे सबसे अधिक रन हैं। इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक भारत का स्कोर 36 ओवर में 223/3 था।

बिजनेस

एक्स प्रीमियम प्लस यूजर्स को मिलेगी एक्सक्लूसिव सर्विस

एलन मस्क ने किया ग्रोक नाम के चैटबॉट का खुलासा

सैन फ्रांसिस्को। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक्सएआई के 'ग्रोक' नाम के चैटबॉट का खुलासा किया, जो एक्स सब्सक्राइबर एक्सक्लूसिव होगा।

ग्रोक तक पहुंचने के लिए उपयोगकर्ताओं को 16 डॉलर प्रति माह एक्स प्रीमियम प्लस सदस्यता लेने की जरूरत होगी, जो एक्स पर पोस्ट से वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करेगी। मस्क की पोस्ट तब आई, जब ओपनएआई सोमवार को अपना पहला डेवलपर सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। एक्स मालिक ने पोस्ट किया, ग्रोक के पास प्लेटफ़ॉर्म के जरिए जानकारी तक वास्तविक समय की पहुंच है, जो अन्य मॉडलों की तुलना में एक बड़ा लाभ है। यह भी आधारित है और व्यंग्य पसंद करता है। मुझे नहीं पता कि इसे इस तरह से कौन निर्देशित कर सकता है। उन्होंने कहा कि एक्सएआई का 'ग्रोक' सिस्टम अपनी प्रतिक्रियाओं में थोड़ा हास्य लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मस्क ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, लेकिन 2018 में कंपनी के लाभ के लिए बदलाव के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया और चैटजीपीटी को वोकजीपीटी कहा। अरबपति ने इस साल की शुरुआत में एक्सएआई लॉन्च किया था। टीम का नेतृत्व मस्क कर रहे हैं और इसमें टीम के सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने एआई में अन्य बड़े नामों पर काम किया है, जिनमें ओपनएआई, गूगल रिसर्च, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च और गूगल का डीपमाइंड शामिल हैं।

वेबसाइट के अनुसार, एक्सएआई का लक्ष्य ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति को समझना है। उन्होंने बताया कि यह एआई इस समय मौजूद कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सर्वश्रेष्ठ है।

फैब इंडिया के स्वर्णिम उत्सव के साथ इस दिवाली को यादगार बनाएं

नई दिल्ली। दिवाली के शुभ त्योहार के लिए बेहद पसंद किया जाने वाला लाइफस्टाइल ब्रांड फैबइंडिया ने गौरव से एक दिवाली कलेक्शन पेश किया है, यह त्योहार की भावना को दर्शाता है। यह उन सुनहरे पलों का प्रतिबिंब है, जो प्रियजनों के साथ जुड़ते हैं, हवा में क्लासिक सुगंध भरते हैं, परिवार और दोस्त खुशी और प्यार के साथ जश्न मनाते हैं।

धनतेरस से दिवाली तक फैबइंडिया का स्वर्णिम कलेक्शन परंपरा और नवीनता की सीमाओं को पार करते हुए, भावनाओं के लिए एक उपहार प्रस्तुत करता है। इस बार पोशाकों के रंग खुशगवार टोन में हैं रूबी लाल, गहरे नीले, गहरे बैंगनी और चमकीले गुलाबी, लाल और पीले रंग अपनी जगमग के साथ शामिल हैं।

स्वर्णिम फैबइंडिया प्रतीक है आधुनिकता और संस्कृति के मिश्रण का ज़ आधुनिक जीवन की सुंदरता को अपनाते - हुए यह हिन्दुस्तानी विरासत की भव्यता का जश्न मना रहा है। ज़री के काम, खडी प्रिंट के साथ नाजुक कढ़ाई से सजाए गए हस्तनिर्मित कुर्तों की विस्तृत श्रृंखला कालातीत उत्कृष्ट कृतियाँ हैं समृद्ध ब्रोकेड ट्रिम्स और शानदार बनारसी, माहेश्वरी और चंदेरी रेशम साड़ियां, जो पीढ़ियों तक प्रचलन में रहेंगी।

हुंडई, किआ ने 2 सालों में अमेरिका में बेचे 1 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन

सोल। दक्षिण कोरिया की प्रमुख कार निर्माता हुंडई मोटर और किआ ने पिछले दो सालों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 100,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं।

खास तौर से ईवी के लिए डिजाइन किए गए इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म (ई-जीएमपी) का उपयोग करने वाली कुल 101,976 हुंडई और किआ कारें दिसंबर 2021 से अक्टूबर 2023 तक राज्य भर में बेची गईं।

दो कंपनियों ने आयोनिक 5 के बाद से किआ के ईवी6 और हुंडई के आयोनिक 5, आयोनिक 6 और जेनेसिस जीवी60 के चार ई-जीएमपी-आधारित मॉडल को अमेरिका में बिक्री के लिए रखा है, ई-जीएमपी पर विकसित पहला मॉडल दिसंबर 2021 में उत्तरी अमेरिकी में शुरू हुआ।

इस अवधि के दौरान, इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर एसयूवी आयोनिक 5 कुल 51,420 इकाइयों की बिक्री के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल था, इसके बाद ईवी6 की 36,838, आयोनिक 6 की 9,557 और जेनेसिस जीवी60 की 4,161 इकाइयां रहीं।

गूगल प्ले स्टोर बताएगा वीपीएन ऐप सुरक्षित है या नहीं

सैन फ्रांसिस्को। वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) ऐप्स से शुरुआत करते हुए, गूगल प्ले स्टोर पर कुछ श्रेणियां अब यूजरों को भरोसेमंद और सुरक्षित ऐप्स ढूंढने में मदद करने के लिए एक बैनर दिखाएंगी। गूगल ने कहा कि ये बैनर यूजरों को स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा बैज के बारे में बताएंगे, उन ऐप्स को उजागर करेंगे जिनका स्वतंत्र ऑडिट हुआ है।

कंपनी ने कहा, यूजरों को एक सरल व्यू देने में मदद करने के लिए कि कौन से ऐप्स स्वतंत्र सुरक्षा सत्यापन से गुजरे हैं, हम विशिष्ट ऐप प्रकारों के लिए एक नया गूगल प्लेर स्टोर बैनर पेश कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत वीपीएन ऐप्स से होगी। जब कोई यूजर वीपीएन ऐप खोजता है, तो उसे अब गूगल प्लेस के शीर्ष पर एक बैनर दिखाई देगा जो उसे डेटा सुरक्षा अनुभाग में स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा बैज के बारे में जानकारी देगा। यूजरों के पास और जानें को चुनने का विकल्पख भी है, जो उन्हें ऐप वैलिडेशन डायरेक्टरी पर रीडायरेक्ट करता है, जो उन सभी वीपीएन ऐप्स को देखने के लिए एक केंद्रीकृत स्थान है जिनकी स्वतंत्र रूप से सुरक्षा समीक्षा की गई है। गूगल ने कहा, यूजर ऐप वैलिडेशन डायरेक्टरी में अतिरिक्त तकनीकी मूल्यांकन विवरण भी खोज सकते हैं, जिससे उन्हें वीपीएन ऐप को डाउनलोड करने, उपयोग करने और अपने डेटा पर भरोसा करने के बारे में अधिक सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी।



एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने छत्तीसगढ़ के भकुरा में चेक डैम का जीर्णोद्धार किया

रायपुर। एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित भकुरा गांव में एक चेक डैम को सफलतापूर्वक बहाल किया है। चेक डैम का जीर्णोद्धार अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया गया था। इस प्रयास से उन परिवारों की आजीविका को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है जो अपनी आय के प्राथमिक स्रोत के रूप में खेती पर निर्भर हैं। चेक डैम जर्जर हो गया था, जिससे स्थानीय कृषक समुदाय को बड़ी कठिनाई हो रही थी। ख़राब संरचना ने कृषि कार्यों को गंभीर रूप से बाधित कर दिया, जिससे उन परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई जो इस पर निर्भर थे। यह पुनर्स्थापन परियोजना समग्र ग्रामीण विकास परियोजना (एचआरडीपी) के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी, जो एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के 10 गांवों में सक्रिय इस परियोजना ने दिसंबर 2020 में भकुरा गांव में अपना काम शुरू किया।

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी अभिषेक बच्चन की घूमर

18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिषेक बच्चन की फिल्म घूमर बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।समीक्षकों के साथ-साथ फिल्मी हस्तियों और खिलाड़ियों की तारीफ मिलने के बावजूद दर्शकों ने फिल्म को नकार दिया, जिसके चलते 20 करोड़ रुपये की लागत में बनी घूमर ने महज 4.83 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब घूमर अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है।यह फिल्म जी5 पर दस्तक देगी। इसका प्रीमियर 10 नवंबर को किया जाएगा।

जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर घूमर का एक पोस्टर साझा किया है। उन्होंने लिखा, पिच तैयार है। क्या आप इस क्रिकेट सीजन में घूमर के साथ और अधिक एक्शन जोड़े। घूमर 10 नवंबर को जी5 पर आएगी।घूमर में सैयामी खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।इसमें शबाना आजमी और अंगद बेदी जैसे सितारों ने भी अभिनय किया था।इसमें सैयामी एक क्रिकेटर की भूमिका में थे और अभिषेक उनके कोच के रूप में दिखाई दिए। घूमर एक क्रिकेट टैलेंट की स्टोरी है जो एक एक्सीडेंट में अपना एक हाथ गंवा देती है अनी शारीरिक विकलांगता के बावजूद, वह समस्याओं से ऊपर उठकर क्रिकेट के मैदान पर सफल होती हैं।

आयुष शर्मा ने जारी किया फिल्म रुस्लान का मोशन पोस्टर, रिलीज तारीख से भी उठाया पर्दा

अभिनेता आयुष शर्मा ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान की रिलीज की घोषणा कर दी है। यह 12 जनवरी, 2024 को रिलीज की जाएगी। यह घोषणा एक आकर्षक मोशन पोस्टर के साथ की गई है।आयुष की रुसलान का पोस्टर अद्भुत है। यह एक रोमांटिक हार्टथ्रोब से एक गतिशील एक्शन हीरो के रूप में उनके विकास को सही ढंग से दर्शाता है। यह अभूतपूर्व होने का वादा कर एक रोमांचक झलक देती है।

इस आकर्षक पोस्टर पर सामने और बीच में आयुष की छवि है। यह एक गिटार का सरल समावेश है जो आसानी से एक बंदूक में बदल जाता है।यह पोस्टर फिल्म की परिवर्तनकारी कथा का सार प्रस्तुत करती है। गिटार, आयुष की रोमांटिक जड़ों की याद दिलाता है, जो एक शक्तिशाली हथियार में बदल जाता है।उसी के बारे में बात करते हुए आयुष ने कहा, एक अभिनेता के रूप में, मैंने बदलाव को अपनाने, अपनी सीमाओं को चुनौती देने और एक नया रास्ता बनाने का प्रयास किया है। रुस्लान मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह गियर बदलने और प्रयोग करने के बारे में है। उन्होंने कहा, यह सांचे को तोड़ने के बारे में है, और मुझे उम्मीद है कि यह दूसरों को अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा, जैसे मैंने अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाया है। निर्देशक करण एल. बुटानी ने साझा किया, एक निर्देशक के रूप में, मेरा कैनवास स्क्रीन है, और हर फ्रेम कहानी कहने का एक तरीका है। मैं भावनाओं, सपनों और वास्तविकताओं को चित्रित करता हूं, उन्हें सिनेमाई जादू की टेपेस्ट्री में बुनता हूं। करण ने आगे कहा, प्रत्येक परियोजना के साथ, मेरा लक्ष्य दर्शकों की कल्पना को प्रज्ज्वलित करना और उनकी आत्माओं को उत्तेजित करना है, साथ ही एक अमिट संबंध बनाना है जो स्क्रीन की सीमाओं को पार करता है।

न्यूज गैलरी

तेज आवाज में डीजे बजाने पर हुई कार्यवाही

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। थाना प्रभारी कसडोल के द्वारा आज पेट्रोलिंग करते समय कसडोल से बलौदा रोड ग्राम दर्रा में करीबन 12 बजे वाहन

क्रमांक सीजी 22 एस 1828 पिकअप में डीजे बॉक्स लगाकर चुनाव प्रत्याशी का प्रचार प्रसार काफी तेज आवाज में गाना बजाते शहर कसडोल में वाहन घुमा रहा था जिसे मौके पर गाना बजाने से संबंधित आदेश की जानकारी चाहने बाबत लिखित में नोटिस देकर पूछताछ की गई इतने सारे बॉक्स लगा कर बॉक्स बजाने के सम्बंध में कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में पेश किया मौके पर मौका पंचनामा तैयार किया गया वाहन में लगे डीजे कुल 6 बॉक्स चोगा एमप्लीफायर जनरेटर तथा वाहन मौके पर गवाहन के समक्ष कब्जा पुलिस में लिया गया जिसे थाना लाया गया अनावेदक के विरुद्ध धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत इस्तगासा तैयार किया गया है जो न्यायालय पेश किया जाता है ।

अवैध देशी प्लेन शराब के साथ एक अरेस्ट

बलौदाबाजार । जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 877/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट

के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया । मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी विशाल नेताम ऊर्फ भांचा पिता शेखर नेताम उम्र 23 वर्ष साकिन आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से अवैध शराब 35 पाव देशी प्लेन शराब किमती 3500/रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

कोनारी में अवैध शराब बिक्री करते 1 गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु विशेष निर्देश दिया गया है । थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में मुखबिर लगाकर ग्राम कोनारी में रेड कार्यवाही कर आरोपीयां पुन्नी बाई घृतलहरे के कब्जे उसके घर परछी से एक प्लास्टिक झिल्ली में 4 लीटर व एक प्लास्टिक डिब्बा में 2 लीटर कुल 6 लीटर कीमती 1200 महुआ शराब बरामद कर जप्त किया गया एवं आरोपीयां के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर मान. न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध लवन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है ।

गारमेंट फैक्ट्री में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत ईटपाल पंचायत के मांझीगुड़ा में स्थित बीजापुर गारमेंट फेक्ट्री मे अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में लाखों का सामान जल कर खाख हो गया है। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबु पा लिया है। ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देशय से शासन प्रशासना द्वारा उक्त गारमेंट फेक्ट्री की स्थापना कर सैकडो युवती व महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा था। इस घटना के सम्बन्ध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा फेक्ट्री में आगजनी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गये हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

फांसी पर लटकी मिली युवती की लाश

पामगढ़/नवप्रदेश। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलारी के कंजी नाला डैम के पास एक युवती की लाश पेड़ में फांसी से लटकी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

सूत्रों ने बताया कि आज सुबह ग्रामीणों ने बेलारी के कंजी नाला डैम के पास एक 20 से 22 वर्षीय लड़की की लाश पेड़ में लटकी देखी। इसकी सूचना तत्काल 112 को दी गई, इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो सकी। मृतका ने काला टीशर्ट और ब्लू जींस पहनी हुई है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में गुम युवतियों की डिटेल खंगाल रही है। वहीं मृतका का हुलिया आसपास के थानों में भेज रही है ताकि मृतका की पहचान हो सके।

युवक से मिले लाखों के जेवरात

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के पहले पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान आरपीएफ बिलासपुर की टीम ने एक युवक के कब्जे से 290 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किया है। पकड़े गए युवक का नाम सुमित कुमार बालचा, पिता-अनिल कुमार बालचा, 33 वर्ष, निवासी-वार्ड 14 बोदरी, थाना-चकरबता, जिला-बिलासपुर बताया गया। युवक के कब्जे से 290 ग्राम सोना तथा 15,966 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया गया है। जब्त सोने के जेवरात की कीमत 1 लाख 508 हजार 847 रुपये है। वहीं चांदी के आभूषणों की कीमत 9,015,450 रुपये बताई जा रही है।

सौरभ चंद्राकर के एकाउंटेंट माने जाने वाले नीरज को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ लाई ईडी

- **रायपुर पुलिस ने कहा- प्ले स्टोर से महादेव एप हटाने पत्र लिखा गया था**

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव आनलाइन सट्टा एप मामले में दिल्ली एयरपोर्ट से रविवार को नीतिश दीवान गिरफ्तार किया गया। वह दुबई जाने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचा था। आरोपी नीतीश के खिलाफ एलओसी लेटर जारी हो चुका था। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पकड़कर प्रवर्तन निदेशालय को सूचना दी। जहां से उसे सोमवार देर शाम रायपुर ईडी दफ्तर लाया गया है।नीरज के बारे में बताया जा रहा है कि वह एकाउंटिंग में माहिर है और सौरभ चंद्राकर के महादेव ऐप से आई इनकम का हिसाब किताब रखता था। उससे पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की बात कही जा रही है।

हवलदार विजय पांडे और आरक्षक सहदेव यादव के साथ दुर्ग ट्रैफिक एएसआई विनोद सिंह यादव और दुर्ग पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक वीरनारायण सिंह को भी ईडी ने हिरासत में लिया

है।ईडी रिमांड के दौरान भीम से हुई पूछताछ में इनकी संलिप्तता का खुलासा हुआ है। ।

दूसरी ओर रायपुर पुलिस ने एक बयान में बताया कि छत्तीसगढ़ में महादेव एप के खिलाफ 36 एफआई आर किए गए हैं। इसमें 235 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से आरोपियों सौरभ चंद्राकर-रवि उप्पल के खिलाफ एलओसी भी जारी किया जा चुका है। रायपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अलावा कटनी, अनूपपुर, विशाखापटनम, उड़ीसा, दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र इत्यादि प्रदेशों/शहरों में भी रेड कार्यवाही करते हुए वहाँ के पैनल ऑपरेटर्स को भी पकड़ा है। 235 आरोपियों को अरेस्ट किया गया है।

सैकड़ों मोबाइल लैपटॉप जप्त ,500 से अधिक एकाउंट्स फ्रीज़ कराये गए हैं। लगभग साल भर पहले 22-10-22 को गूगल से पत्र व्यवहार किया गया था कि प्ले स्टोर से महादेव बुक एप को हटाया जाये, जिसके पश्चात् से यह एप हट गया था।दुबई से ऑपरेट कर रहे महादेव ऐप्प के मुख्य दोनों संचालकों, सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को रायपुर पुलिस ने अपने यहाँ दर्ज प्रकरण में आरोपी बनाया और जून महीने में ही इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर भी रायपुर पुलिस द्वारा जारी करवा दिया गया है।

बढ़ रहा है ट्रैफिक का दबाव

बाइपास या फोरलेन की आवश्यकता

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला निर्माण के ग्यारह वर्षों बाद भी नगर की लचर व्यवस्था अब आम नागरिकों पर भारी पड़ रही है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान गरियाबंद ग्राम पंचायत से नगर पंचायत और फिर अब नगर पालिका घोषित हुये भी कई साल बीत चुके हैं, किंतु इस सामान्य प्रयोजन प्रशासनिक उपखंड का उपयोग नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने की बजाये, निजी महत्वाकांक्षा और स्वार्थपूर्ति के लिये अधिक हो रहा है।

आम जनता को जिला मुख्यालय में सबसे बड़ी समस्या सड़क मार्ग को लेकर हो रही है।

वर्षो पुरानी टू लाइन सड़क में ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है। नगर में बायपास रोड की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अब तक किसी भी जिम्मेदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा भी शहर विकास को लेकर कोई मापदंड तैयार नहीं किया गया है।

रायपुर से देवभोग की ओर जाने वाली नेशनल हाईवे 130 सी शहर के बीच से होकर गुजरती हैं। एक मात्र सड़क मार्ग पर माल वाहक और यात्री बसों के अलावा गरियाबंद जिले का स्थानीय आवागमन, साथ ही बहुत से प्रशासनिक कार्यालय इसी सड़क के दोनों ओर स्थित है।

नेशनल हाईवे सड़क मार्ग के किनारे संयुक्त जिला कार्यालय भवन है, इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक, जिला रोजगार कार्यालय ,जिला विपणन अधिकारी कार्यालय, पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, न्यू सर्किट हाउस, वन मंडल गरियाबंद कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व उप निदेशक कार्यालय, वन विभाग विश्राम गृह, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि उपज मंडी, गुरुकुल कॉलेज ,आईटीएस कॉलेज, भूमि संरक्षण विभाग, हेलीपैड, वन काष्ठागार डिपो, और जिला सत्र न्यायालय, स्लाटर हाउस सहित साप्ताहिक बाजार भी अब लग रहा है।

इसी तरह रायपुर मार्ग में बस स्टैण्ड डाक घर, जिला सहकारी बैंक, सिटी कोतवाली, आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल, वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय साथ ही बहुत से बैंक व पेट्रोल पंप संचालित है। इस प्रकार शहर के बीचों बीच सड़क मार्ग पर भारी दबाव रहता है। इस दबाव की वजह से ना सिर्फ सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, बल्कि अक्सर दुर्घटनाएँ घटती रही है।

नेशनल हाईवे सड़क मार्ग में वाहनों के अलावा सरकारी सिस्टम भी इसी मार्ग में चल रहा है। आये दिन जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन रैली जुलूस का आयोजन होता रहता है। विभिन्न संघठनो, राजनैतिक दलों के आंदोलनकारी कलेक्ट्रेट तक शक्ति प्रदर्शन व दबाव बनाने रैली जुलूस भीड़ का हुजूम लेकर आते हैं। जिससे घंटो एन एच जाम की स्थिति बन जाती है। इस अघोषित चक्का जाम का खामियाजा आम नागरिकों उठाना पड़ता है। एम्बुलेंस ,फायर ब्रिगेड,108 जैसी आवश्यक सेवायें बाधित हो सकती है।

शराब दुकानें भी एक बड़ा कारण

सबसे ज्यादा परेशानी शराब दुकान को लेकर है , यहां देशी और विदेशी शराब की दुकानें भी इसी मार्ग से जुड़ी हुई है। दिन हो या रात नशे में झूमते शराबी सड़क पर लहराते गरियाते मिल ही जाते हैं।

अभी हाल ही में विधान सभा चुनावों के नामांकन दाखिल करने के दौरान,बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थकों को रोकने, प्रशासन ने नेशनल हाईवे सड़क मार्ग पर बेरिकेट्स लगा कर एन एच जाम कर दिया था। जिससे घंटो तक आवागमन बाधित रहा। पिछले शुक्रवार साप्ताहिक बाजार में बढ़ी भीड़ की वजह से शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक नेशनल हाईवे पर आवागमन अवरुद्ध रहा।

ऐसा नहीं है कि इस तरह की समस्या पहली बार निर्मित हुई हो, सड़क मार्ग को लेकर परेशानी वर्षो से है। किन्तु प्रशासन व स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया। नगर पालिका गरियाबंद के पास भी इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं है।

नक्सली-पुलिस मुठभेड़

माओवादी स्मारक को पुलिस ने किया ध्वस्त

- **मुठभेड़ के बाद भाग रहा नक्सली गिरफ्तार**
- **बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त**

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार को नक्सल अभियान के अंर्तगत को अंतागढ़ क्षेत्र में सुरेली मनकोट के मध्य कांकेर डीआरजी एवम बीएसएफ की टीम एवं नक्सलीयो के बीच क़रीब 7-8 बजे हुई मुठभेड़ हुई। जिसके बाद किसकोड़ो एरिया कमेटी प्रभारी लखमु की असूचाना पर पुलिस पार्टी रवाना हुई थी।पुलिस ने नक्सल कैम्प को ध्वस्त किया गया है।सभी पुलिस पार्टी सुरक्षित कैम्प पहुँच गई है। मौक़े से काफ़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।मौक़े पे 2 आईईडी एवं एक पाइप बॉम्ब मिला जिसे मौक़े पे नष्ट

किया गया।मौक़े से भागते हुए एक नक्सली मिलिशिया सदस्य को गिरफ़्तार किया गया।जिस का नाम मुकेश मंडावी 23 वर्ष, गाँव मुरनार थाना ताड़ोकी है।

ग्राम कलेपाल और चांदामेटा गांव में आज होगा पहली बार मतदान

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र कहे जाने वाले इलाके में मतदान करवाना हमेशा से ही एक चुनौती है पर इस चुनौती को जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतदान दलों के कर्मियों के उत्साह और विश्वास से मतदान करवाने के लिए दलों को कल रवाना करवाया गया। जिले के जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चांदामेटा और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलेपाल में पहली बार मतदान उसी गांव में किया जाएगा।

मतदान सामग्री के वितरण के दौरान कलेक्टर विजय ने दोनों मतदान केन्द्रों के कर्मियों को मिलकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोनों जगहों के दलों को विशेष शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। मतदान दल भी दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान करवाने के लिए उत्साहित है। इस अवसर पर चित्रकोट विधानसभा के प्रेक्षक सुदेश कुमार मोखटा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि ग्राम कलेपाल के मतदान केंद्र में 415 मतदाता है जिसमें 219 महिला, 196 पुरुष मतदाता है। इससे पहले ग्राम कलेपाल के मतदाता बीसपुर जाकर मतदान करते थे। इसी प्रकार ग्राम चांदामेटा में 337 मतदाता है जो पहले छिंदगुर के मतदान केंद्र में मतदान करते थे।